# उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा, 2018

सीरीज-B (सेट-4) **(प्रथम पाली)** परीक्षा तिथि-27/01/2019

## सामान्य ज्ञान

**1. मुगल सम्राट जहांगीर ने _________ में शालीमार बाग का निर्माण किया।**

(a) दिल्ली (b) बलूचिस्तान

(c) अवध (d) कश्मीर

**उत्तर—(d)**

मुगल सम्राट जहांगीर ने कश्मीर के श्रीनगर में शालीमार बाग का निर्माण; अपनी पत्नी मेहरून्निसा (नूरजहां) के लिए किया था। लाहौर के शालीमार बाग को मुगल सम्राट शाहजहां ने 1641 ई. में बनवाया था, इसे लाहौर किले के साथ वर्ष 1981 में विश्व धरोहर सूची में शामिल किया गया, दिल्ली का शालीमार बाग एक आवासीय क्षेत्र है।

**2. वार्षिक भारतीय शास्त्रीय संगीत समारोह 'सवाई गंधर्व भीमसेन महोत्सव' _________ में आयोजित किया जाता है।**

(a) पुणे (b) मैसुरु

(c) कानपुर (d) उदयपुर

**उत्तर—(a)**

वार्षिक भारतीय शास्त्रीय संगीत समारोह 'सवाई गंधर्व भीमसेन महोत्सव' पुणे (महाराष्ट्र) में आयोजित किया जाता है। इस समारोह का आयोजन आर्य संगीत प्रसार मंडल द्वारा किया जाता है। इसे भीमसेन जोशी द्वारा शुरू किया गया था।

**3. निम्नलिखित में से कौन-सा बैंक भारत का सबसे पुराना सार्वजनिक क्षेत्र का बैंक है?**

(a) बैंक ऑफ इंडिया

(b) बैंक ऑफ बड़ौदा

(c) इलाहाबाद बैंक

(d) यूको बैंक

**उत्तर—(c)**

इलाहाबाद बैंक भारत का सबसे पुराना सार्वजनिक क्षेत्र का बैंक है। इसकी स्थापना 24 अप्रैल, 1865 को यूरोपीय लोगों द्वारा की गई थी। बैंक ऑफ बड़ौदा की स्थापना 1908 में, बैंक ऑफ इंडिया की स्थापना 7 सितंबर, 1906 को तथा यूको बैंक की स्थापना 1943 में की गई थी।

**4. वैदिक सभ्यता __________ नदी के तट पर विकसित हुई।**

(a) गोदावरी (b) कावेरी

(c) कृष्णा (d) सरस्वती

**उत्तर—(d)**

वैदिक सभ्यता सरस्वती नदी के तट पर विकसित हुई।

**5. जुलाई, 1944 में संयुक्त राष्ट्र ब्रेटन वुड्स सम्मेलन में किस अंतरराष्ट्रीय संगठन की कल्पना की गई थी?**

(a) विश्व व्यापार संगठन

(b) संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनिसेफ)

(c) विश्व बैंक

(d) अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष

**उत्तर—(d)**

जुलाई, 1944 में संयुक्त राष्ट्र ब्रेटन वुड्स सम्मेलन में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) की कल्पना की गई थी। इस सम्मेलन में 44 देशों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया था। आईएमएफ की स्थापना ब्रेटन वुड्स एग्रीमेंट के तहत की गई थी। विश्व व्यापार संगठन की स्थापना वर्ष 1995 में विश्व व्यापार के नियमन के लिए की गई थी। संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनिसेफ) की स्थापना दिसंबर, 1946 में की गई थी, इसका मुख्यालय न्यूयॉर्क में है। विश्व बैंक आई.बी.आर.डी. और आई.डी.ए. को सम्मिलित रूप से कहा जाता है। ब्रेटन वुड्स सम्मेलन में केवल आई.बी.आर.डी. तथा आई.एम.एफ. का गठन हुआ था।

**6. भारत की पहली इंजन-रहित स्पीड ट्रेन, ट्रेन-18, ____ इंटीग्रल कोच फैक्ट्री द्वारा विकसित की गई थी।**

(a) चितरंजन (b) पटियाला

(c) चेन्नई (d) कपूरथला

**उत्तर—(c)**

भारत की पहली इंजन रहित स्पीड ट्रेन 'ट्रेन-18 इंटीग्रल कोच फैक्ट्री, चेन्नई द्वारा विकसित, इस ट्रेन को मेक इन इंडिया के तहत बनाया गया है। उल्लेखनीय है कि इस ट्रेन का नाम बदलकर 'वंदे भारत एक्सप्रेस' कर दिया गया है।

**7. नवंबर, 2018 में भारत ने कौन-से देश के साथ 500 मिलियन डॉलर के सौदे पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसमें स्थानीय स्तर पर दो गोपनीय युद्ध-पोतों का निर्माण किया जाएगा?**

(a) संयुक्त राज्य अमेरिका (b) रूस

(c) इस्राइल (d) जापान

**उत्तर—(b)**

नवंबर, 2018 में भारत ने रूस के साथ 500 मिलियन डॉलर के सौदे पर हस्ताक्षर किए। इसके तहत गोवा शिपयार्ड में दो मिसाइल युद्धपोत का निर्माण किया जाएगा।

**8. सरदार वल्लभभाई पटेल राष्ट्रीय पुलिस अकादमी (एस.वी.पी. एन.पी.ए.) ________के पास स्थित है।**

(a) हैदराबाद (b) पुणे

(c) भोपाल (d) चंडीगढ़

**उत्तर—(a)**

सरदार वल्लभभाई पटेल राष्ट्रीय पुलिस अकादमी (एस.वी.पी.एन.पी.ए.) पेद्दा गुंटा, हैदराबाद, तेलंगाना में स्थित है, लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी मसूरी उत्तराखंड में स्थित है, राष्ट्रीय रक्षा अकादमी महाराष्ट्र के पुणे के करीब खडकवासला में स्थित है तथा भारतीय वन प्रबंधन संस्थान भोपाल में स्थापित है।

**9. नवंबर, 2018 में किस भारतीय राज्य की विधानसभा भंग कर दी गई थी?**

(a) हिमाचल प्रदेश (b) जम्मू-कश्मीर

(c) उत्तराखंड (d) पंजाब

**उत्तर—(b)**

21 नवंबर, 2018 को जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल सत्यपाल मलिक ने राज्य की विधानसभा भंग कर दी थी।

**10. महाधमनी __________के शीर्ष पर शुरू होती है।**

(a) दाहिना निलय (b) बायां निलय

(c) दाहिना अलिंद (d) बायां अलिंद

**उत्तर—(b)**

महाधमनी (Aorta) मानव शरीर की सबसे बड़ी मुख्य धमनी है, यह हृदय के बाएं निलय (Ventricle) के शीर्ष पर शुरू होती है, जिसमें ऑक्सीकृत शुद्ध रक्त का प्रवाह होता है।

**11. गैल्वेनाइजेशन का मतलब इस्पात को _______ की पतली परत के साथ आवरण करना है।**

(a) क्रोमियम (b) जस्ता

(c) एल्युमीनियम (d) निकेल

**उत्तर—(b)**

गैल्वेनाइजेशन इस्पात को जंग से बचाने की एक विधि है। इस प्रक्रिया के अंतर्गत लोहे या स्टील की बनी वस्तु पर जस्ता (Zinc) की पतली परत का आवरण चढ़ा दिया जाता है। यह ऑक्सीजन और पानी से धातु को बचाता है।

**12. C60 एक अणु है, जिसमें _________ के रूप में व्यवस्थित 60 कार्बन परमाणु होते हैं।**

(a) 15 पंचभुज और 18 षट्भुज

(b) 18 पंचभुज और 15 षट्भुज

(c) 12 पंचभुज और 20 षट्भुज

(d) 20 पंचभुज और 12 षट्भुज

**उत्तर—(c)**

C 60 एक अणु है, जिसमें 12 पंचभुज (Pentagons) और 20 षट्भुज (Hexagons) के रूप में व्यवस्थित 60 कार्बन परमाणु होते हैं।

**13. सर्वोत्तम गुणवत्ता वाला कोयला जिसमें 80% से 95% कार्बन होता है, वह है _________।**

(a) पीट (b) लिग्नाइट

(c) बिटुमिनस (d) ऐंथ्रासाइट

**उत्तर—(d)**

ऐंथ्रासाइट सर्वोत्तम गुणवत्ता वाला कोयला है, जिसमें 80 प्रतिशत से 95 प्रतिशत कार्बन होता है। पीट कोयले में लगभग 25-30 प्रतिशत कार्बन होता है, लिग्नाइट कोयले में लगभग 50-60 प्रतिशत कार्बन होता है। बिटुमिनस में 65-85 प्रतिशत तक कार्बन होता है।

**14. _________को छोड़कर निम्नलिखित सभी संघनन बहुलक हैं।**

(a) पॉलिएस्टर (b) पॉलीप्रोपोलीन

(c) पॉलीएमाइड (d) पॉलीकार्बोनेट

**उत्तर—(b)**

पॉलीप्रोपोलीन एक जोड़ (Addition) बहुलक का उदाहरण है। ये श्रृंखला बहुलकीकरण द्वारा निर्मित होते हैं।

**15. भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर ने _______ में एक कार्यालय बनाया है, जहां पूर्व छात्र संजीव खोसला को संस्थान का विदेशी ब्रांड दूत नियुक्त किया गया है।**

(a) दुबई (b) लंदन

(c) सिंगापुर (d) न्यूयॉर्क

**उत्तर—(d)**

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर ने न्यूयॉर्क में एक कार्यालय बनाया है, जहां पूर्व छात्र संजीव खोसला को संस्थान का विदेशी ब्रांड दूत नियुक्त किया गया। इस कार्यालय को खोलने का उद्देश्य विदेशी संकाय को आईआईटी कानपुर से जोड़ना है।

**16. उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा कॉन्स्टेबल सिविल पुलिस की नियुक्ति में शारीरिक क्षमता परीक्षा में पुरुष अभ्यर्थियों को _______ दौड़ने की जरूरत होती है।**

(a) 25 मिनटों में 4.8 किलोमीटर

(b) 25 मिनटों में 3.8 किलोमीटर

(c) 35 मिनटों में 4.8 किलोमीटर

(d) 35 मिनटों में 3.8 किलोमीटर

**उत्तर—(a)**

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा कॉन्स्टेबल सिविल पुलिस की नियुक्ति में शारीरिक क्षमता परीक्षा में पुरुष अभ्यर्थियों को 25 मिनटों में 4.8 किलोमीटर तथा महिला अभ्यर्थियों को 14 मिनटों में 2.4 किलोमीटर दौड़ने की जरूरत होती है।

**17. 22 जुलाई, 2014 को उत्तर प्रदेश के राज्यपाल के रूप में किसने शपथ ग्रहण की थी?**

(a) सूर्य प्रताप शाही (b) बृजेश पाठक

(c) राम नाईक (d) आशुतोष टंडन

**उत्तर—(c)**

22 जुलाई, 2014 को उत्तर प्रदेश के राज्यपाल के रूप में राम नाईक ने शपथ ग्रहण की थी। वे उत्तर प्रदेश के 25वें राज्यपाल हैं।

**18. उत्तर प्रदेश के किस जिले को 'पीतल नगरी' के नाम से भी जाना जाता है?**

(a) फतेहपुर (b) मुजफ्फरनगर

(c) मिर्जापुर (d) मुरादाबाद

**उत्तर—(d)**

उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद को 'पीतल नगरी' के नाम से जाना जाता है। मुरादाबाद पीतल के काम के लिए प्रसिद्ध है। यहां के बने पीतल के बर्तन और ट्राफियां विदेशों में निर्यात किए जाते हैं। मुरादाबाद की स्थापना 1600 ई. में मुगल सम्राट शाहजहां के पुत्र मुराद द्वारा की गई थी।

**19. 1658 ई. में बहादुरपुर के युद्ध में, शाहजहां के दूसरे बेटे शाह शुजा को शाहजहां के पोते _______ ने हराया था।**

(a) मुराद बख्श (b) सुलेमान शिकोह

(c) आलम शाह (d) बहादुर शाह

**उत्तर—(b)**

बहादुरपुर का युद्ध 24 फरवरी, 1658 को हुआ था। यह युद्ध भारत के मुगल बादशाह शाहजहां के बेटों के बीच उत्तराधिकार की लड़ाई का निर्णायक युद्ध था। इस युद्ध में शाहजहां के दूसरे बेटे शाह शुजा को शाहजहां के पोते सुलेमान शिकोह ने हराया था।

**20. फिरोजाबाद में 200 वर्षों से भी अधिक समय से _______ का उत्पादन किया जा रहा है।**

(a) चिकनकारी का काम (b) कांच की चूड़ियां

(c) पीतल के ताले (d) जरदोजी कढ़ाई

**उत्तर—(b)**

फिरोजाबाद उत्तर प्रदेश राज्य के आगरा डिवीजन के अंतर्गत एक जिला है। यह शहर कांच की चूड़ियों के उत्पादन के लिए प्रसिद्ध है। यहां 200 वर्षों से भी अधिक समय से चूड़ियों का उत्पादन किया जा रहा है।

**21. कौन-सा कत्थक घराना उस नृत्य शैली के आध्यात्मिक पहलुओं पर अधिक ध्यान देता है?**

(a) जयपुर (b) बनारस

(c) लखनऊ (d) बरेली

**उत्तर—(b)**

कत्थक का बनारस घराना मुख्यतः नटवरी नृत्य के लिए जाना जाता है, जिसमें भगवान कृष्ण की लीलाओं की कथा पर नृत्य अभिनय किया जाता है, जबकि जयपुर, लखनऊ में अन्य नृत्यों और लयों की प्रधानता है।

**22. हिंदू पौराणिक कथाओं के अनुसार, महाकाव्य रामायण में भगवान श्री राम अयोध्या के शासक थे, जो _______ की राजधानी थी।**

(a) हस्तिनापुर (b) कुरु

(c) कलिंग (d) कोशल

**उत्तर—(d)**

हिंदू पौराणिक कथाओं के अनुसार, महाकाव्य रामायण में भगवान श्री राम अयोध्या के शासक थे, जो कोशल की राजधानी थी। कोशल प्राचीन 16 महाजनपदों में से एक था। इसकी राजधानी श्रावस्ती थी। हस्तिनापुर मेरठ (उ.प्र.) के निकट स्थित है, यह प्राचीनकाल में कौरवों और पांडवों की राजधानी थी।

**23. किस भारतीय ने अर्थशास्त्र में नोबेल मेमोरियल पुरस्कार जीता है?**

(a) सी.वी. रमन (b) अमर्त्य सेन

(c) कैलाश सत्यार्थी (d) हरगोविन्द खुराना

**उत्तर—(b)**

भारतीय अर्थशास्त्री अमर्त्य सेन ने वर्ष 1998 में नोबेल मेमोरियल पुरस्कार जीता था। यह पुरस्कार उन्हें कल्याणकारी अर्थशास्त्र में उनके योगदान के लिए प्रदान किया गया। सी.वी. रमन को वर्ष 1930 में प्रकाश के प्रकीर्णन पर उनके उत्कृष्ट कार्य हेतु भौतिकी का नोबेल पुरस्कार प्रदान किया गया। कैलाश सत्यार्थी को वर्ष 2014 में शांति के क्षेत्र में नोबेल पुरस्कार प्रदान किया गया। हरगोविन्द खुराना को वर्ष 1968 में चिकित्सा का नोबेल पुरस्कार प्रदान किया गया था।

**24. भारतीय मुक्केबाज एम.सी. मैरी कॉम द्वारा लिखित आत्मकथा का शीर्षक क्या है?**

(a) प्लेयिंग टू विन (b) अनब्रेकेबल

(c) नो होल्डिंग बैक (d) इम्परफैक्ट

**उत्तर—(b)**

भारतीय मुक्केबाज एम.सी. मैरी कॉम द्वारा लिखित आत्मकथा का शीर्षक 'अनब्रेकेबल (Unbrecakable) है। प्लेइंग टू विन भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी सायना नेहवाल की आत्मकथा है, इम्परफैक्ट (Imperfect) पुस्तक के लेखक टीम इंडिया के पूर्व खिलाड़ी संजय मांजरेकर हैं। 'नो होल्डिंग बैक' वेस्टइंडीज के पूर्व क्रिकेटर माइकल होल्डिंग की आत्मकथा है।

**25. 65वीं राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों में किस फिल्म ने सर्वश्रेष्ठ लोकप्रिय फिल्म पुरस्कार जीता?**

(a) बाहुबली 2 : द कॉन्क्लूजन

(b) सीक्रेट सुपरस्टार

(c) जॉली एलएलबी 2

(d) हिंदी मीडियम

**उत्तर—(a)**

65वीं राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों में फिल्म-बाहुबली 2 : द कॉन्क्लूजन ने सर्वश्रेष्ठ लोकप्रिय फिल्म पुरस्कार जीता। सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार विलेज रॉकस्टार ने जीता। अभिनेत्री श्री देवी को फिल्म मॉम के लिए बेस्ट एक्ट्रेस का पुरस्कार दिया गया।

**26. अर्थशास्त्र विज्ञान के लिए वर्ष 2018 का नोबेल पुरस्कार विलियम डी. नॉर्डहॉस और पॉल एम. रोमर को दिया गया था। ये दोनों _____________ के निवासी हैं।**

(a) संयुक्त राज्य अमेरिका (b) यूनाइटेड किंगडम

(c) कनाडा (d) ऑस्ट्रेलिया

**उत्तर—(a)**

अर्थशास्त्र विज्ञान के लिए वर्ष 2018 का नोबेल पुरस्कार विलियम डी. नॉर्डहॉस और पॉल एम. रोमर को दिया गया था। ये दोनों संयुक्त राज्य अमेरिका के निवासी हैं। रसायन शास्त्र के लिए वर्ष 2018 के नोबेल पुरस्कार विजेता ग्रेग विंटर यूनाइटेड किंगडम (UK) के निवासी हैं, भौतिकी में वर्ष 2018 के नोबेल से सम्मानित 'डोना स्ट्रिकलैंड' कनाडा (Canada) की निवासी हैं। वर्ष 2018 में साहित्य के लिए नोबेल पुरस्कार नहीं प्रदान किया।

**27. _________निजी और संवेदनशील जानकारी, जैसे कि क्रेडिट कार्ड नंबर, व्यक्तिगत पहचान और खाता उपयोगकर्ता नाम और पासवर्ड प्राप्त करने का धोखाधड़ी वाला कार्य है।**

(a) मैलवेयर (b) ट्रोजन

(c) हैकिंग (d) फिशिंग

**उत्तर—(d)**

फिशिंग, निजी और संवेदनशील जानकारी जैसे क्रेडिट कार्ड नंबर, व्यक्तिगत पहचान और खाता उपयोगकर्ता का नाम और पासवर्ड प्राप्त करने का धोखाधड़ी वाला कार्य है। ट्रोजन हार्स एक प्रकार का कंप्यूटर वायरस है। मैलवेयर हेक्वूर्ज कंप्यूटर सॉफ्टवेयर है, इनका प्रयोग पहचान चोरी करने या गोपनीय जानकारी चुनाने के लिए होता है।

**28. चित्रकोट जलप्रपात भारत के किस राज्य में स्थित है?**

(a) झारखंड (b) उत्तराखंड

(c) छत्तीसगढ़ (d) मेघालय

**उत्तर—(c)**

चित्रकोट जलप्रपात भारत के छत्तीसगढ़ राज्य के बस्तर जिले में इन्द्रावती नदी पर स्थित है। इसकी ऊंचाई 90 फीट है, तीरथगढ़ जलप्रपात, कुटुम्बसर गुफा, कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान आदि छत्तीसगढ़ राज्य में स्थित हैं। बुढ़ा घाघ जल प्रपात झारखंड के लातेहर जिले में स्थित है, हार्डी प्रपात (Hardy Fall) उत्तराखंड में मसूरी के पास स्थित है। नोहकलिकाई मेघालय में स्थित जल प्रपात है।

**29. वेनेजुएला की राजधानी ________है।**

(a) निकोसिया (b) सान-साल्वाडोर

(c) क्वीटो (d) काराकास

**उत्तर—(d)**

'वेनेजुएला' की राजधानी 'काराकास' (Caracas) है, निकोसिया साइप्रस देश की राजधानी है, क्वीटो (Quito) इक्वाडोर (Ecuador) की राजधानी है, सान-साल्वाडोर (San Salvador) अल-सल्वाडोर (El-Salvador) की राजधानी है।

**30. भारत में निम्नलिखित में से किस रेडियोधर्मी धातु का विश्व का सबसे बड़ा भंडार मौजूद है?**

(a) यूरेनियम (b) रेडियम

(c) बिस्मथ (d) थोरियम

**उत्तर—(d)**

भारत में थोरियम धातु का विश्व का सबसे बड़ा भंडार मौजूद है।

**31. ऑस्ट्रेलिया के एकमात्र द्वीपीय राज्य का नाम बताएं।**

(a) कैप्री (b) इबिसा

(c) टैजमेनिया (d) रोइस

**उत्तर—(c)**

तस्मानिया/टैजमेनिया (Tasmania) ऑस्ट्रेलिया का एकमात्र द्वीपीय राज्य है। कैप्री द्वीप इटली के नेपल्स के पास अवस्थित द्वीप है। इबिसा द्वीप स्पेन का एक द्वीप है, यह भूमध्य सागर में स्थित है। 'रोइस' ग्रीस का एक द्वीप है, यह ईजियन सागर (Aegean Sea) में अवस्थित है।

**32. निम्नलिखित में से कौन-सा शहर गोदावरी नदी के किनारे स्थित नहीं है?**

(a) नासिक (b) नवसारी

(c) नांदेड़ (d) निजामाबाद

**उत्तर—(b)**

नासिक, नांदेड़ तथा निजामाबाद तीनों शहर गोदावरी नदी के तट पर स्थित हैं, जबकि नवसारी (गुजरात) पूर्णा नदी के तट पर स्थित है।

**33. नीलम संजीव रेड्डी के कार्यकाल के बाद भारत के राष्ट्रपति कौन बने?**

(a) फखरुद्दीन अली अहमद

(b) वराहगिरि वेंकट गिरि

(c) ज्ञानी जैल सिंह

(d) मुहम्मद हिदायतुल्लाह

**उत्तर—(c)**

नीलम संजीव रेड्डी 25 जुलाई, 1977 से 25 जुलाई, 1982 तक भारत के राष्ट्रपति रहे। इनके कार्यकाल के बाद जुलाई, 1982 में ज्ञानी जैल सिंह भारत के राष्ट्रपति बने। फखरुद्दीन अली अहमद का कार्यकाल अगस्त, 1974 से फरवरी, 1977 तक था, मुहम्मद हिदायतुल्लाह 20 जुलाई से 24 अगस्त, 1969 तक भारत के कार्यवाहक राष्ट्रपति थे। वराहगिरि वेंकट गिरि 3 मई–20 जुलाई, 1969 तक भारत के कार्यवाहक राष्ट्रपति थे।

**34. चंद्रगुप्त के पुत्र का नाम बताएं, जिन्होंने 298-272 ईसा पूर्व के बीच शासन किया था और संपूर्ण भारत में साम्राज्य को बढ़ाया था।**

(a) हर्षवर्धन (b) अनिरुद्ध

(c) बिंदुसार (d) वसुदेव

**उत्तर—(c)**

चंद्रगुप्त के पुत्र बिंदुसार ने 298-272 ईसा पूर्व के बीच शासन किया था और संपूर्ण भारत में साम्राज्य को बढ़ाया था। बिंदुसार के बाद अशोक ने 273-232 ईसा पूर्व तक शासन किया था। हर्षवर्धन या हर्ष (606 ई.-647 ई.) थानेश्वर का शासक था। प्रसिद्ध चीनी यात्री ह्वेनसांग इसके दरबार में आया था। अनिरुद्ध अथवा अनुरुद्ध हर्यक वंश के शासक उदायिन का पुत्र था, वसुदेव कण्व वंश का संस्थापक था, यह शुंग वंश के अंतिम शासक देवभूति की हत्या करके मगध की गद्दी पर बैठा था।

**35. मेखेला चादर, यह __________ राज्य की महिलाओं द्वारा पहना जाने वाला पारंपरिक वस्त्र है।**

(a) गुजरात (b) तमिलनाडु

(c) गोवा (d) असम

**उत्तर—(d)**

मेखेला चादर (Mekhela Chadar) 'असम' राज्य की महिलाओं द्वारा पहना जाने वाला पारंपरिक वस्त्र है। चनिया चोली या घाघरा चोली गुजरात की महिलाओं का पारंपरिक वस्त्र है। तमिलनाडु की महिलाओं का पारंपरिक वस्त्र साड़ी है तथा गोवा की महिलाओं का पारंपरिक वस्त्र गाउन (Gown) है।

**36. रबीन्द्रनाथ टैगोर ने निम्नलिखित में से किस देश का राष्ट्र गान लिखा था?**

(a) चीन (b) म्यांमार

(c) भूटान (d) बांग्लादेश

**उत्तर—(d)**

रबीन्द्रनाथ टैगोर ने भारत के राष्ट्रगान 'जन गण मन' के साथ-साथ बांग्लादेश का राष्ट्रगान' आमार सोनार बांग्ला' लिखा था।

**37. वर्गीज कुरियन को __________ द्वारा राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी), के अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया था।**

(a) लालबहादुर शास्त्री

(b) गुलजारी लाल नंदा

(c) इंदिरा गांधी

(d) वी.वी. गिरि

**उत्तर—(a)**

वर्गीज कुरियन को भारत में श्वेत क्रांति का जनक कहा जाता है। इन्हें लालबहादुर शास्त्री द्वारा राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) के अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया था।

**38. वर्तमान में भारतीय संविधान के कितने भाग हैं?**

(a) 15 (b) 20

(c) 25 (d) 30

**उत्तर—(c)**

भारतीय संविधान में प्रारंभ में 22 भाग 395 अनुच्छेद तथा 8 अनुसूचियां थीं, परंतु वर्तमान में भारतीय संविधान में गणना की दृष्टि से 25 भाग तथा 12 अनुसूचियां हैं।

**39. किसी वृत्त के व्यास को दोगुना किया गया। उसका क्षेत्रफल कितना बढ़ जाएगा?**

(a) 2 गुना (b) 4 गुना
(c) 8 गुना (d) 16 गुना

**उत्तर—(*)**

माना वृत्त की प्रारंभिक त्रिज्या = r

प्रारंभिक व्यास = 2r

$\therefore$ वृत्त का प्रारंभिक क्षेत्रफल = $\pi r^2$

जब वृत्त के व्यास को दोगुना किया जाए, तब

वृत्त का नया व्यास = 4r

$\therefore$ वृत्त की नई त्रिज्या = 2r

$\therefore$ वृत्त का नया क्षेत्रफल = $\pi.(2r)^2 = 4\pi r^2$

$\therefore$ क्षेत्रफल में अभीष्ट वृद्धि = $4\pi r^2 - \pi r^2 = 3\pi r^2$

अर्थात वृत्त के व्यास को जब दोगुना किया गया, तो उसका क्षेत्रफल तीन गुना बढ़ जाएगा।

**नोट—** यदि प्रश्न में पूछा जाए कि वृत्त का क्षेत्रफल पहले का कितना गुना हो जाएगा, तो उत्तर होगा 4 गुना जो विकल्प (b) में दिया है और UPSSSC ने इसका उत्तर विकल्प (b) माना है, जो त्रुटिपूर्ण है।

**40. X के बैंक खाते में रु. 86.54 का शेष है; रु. 55.31 जमा करने और रु. 84.33 की निकासी के बाद शेष राशि क्या होगी?**

(a) रु. 57.52 (b) रु. 58.52
(c) रु. 57.58 (d) रु. 58.58

**उत्तर—(a)**

X के बैंक खाते में शेष धनराशि = 86.54 रु.

X द्वारा बैंक खाते में जमा की गई धनराशि = 55.31 रु.

$\therefore$ X के खाते में कुल धनराशि = 86.54 + 55.31
= 141.85 रु.

$\because$ X द्वारा खाते से 84.33 रु. की निकासी की जाती है।

$\therefore$ X के बैंक खाते में शेष धनराशि = 141.85 – 84.33
= 57.52 रु.

**41. एक संख्या को 3003 से गुणा किया गया और उसके बाद उसे 7, 11 और 13 के लघुत्तम समापवर्त्य द्वारा विभाजित किया गया और फिर स्वयं से विभाजित किया गया। परिणाम ज्ञात करें।**

(a) 1 (b) 2
(c) 3 (d) 4

**उत्तर—(c)**

माना संख्या $x$ है।

प्रश्नानुसार

$$\frac{3003\times x}{7, 11 \text{ तथा } 13 \text{ का ल.स.}} = \frac{3003\times x}{7\times 11\times 13}$$

$$= 3x$$

$\because$ प्राप्त भागफल को उसी संख्या से पुनः विभाजित किया जाता है।

$\therefore$ परिणाम = $\frac{3x}{x} \Rightarrow 3$

**42. यदि $(10x+5) : (42x+8)$, 5 : 8 का तिगुना अनुपात है, तो $x^3$ ज्ञात करें।**

(a) 1,000 (b) 1,331
(c) 1,728 (d) 2,197

**उत्तर—(c)**

$$\frac{10x+5}{42x+8} = \left(\frac{5}{8}\right)^3$$

$$\frac{10x+5}{42x+8} = \frac{125}{512}$$

$$5120x + 2560 = 5250x + 1000$$

$$5120x - 5250x = 1000 - 2560$$

$$-130x = -1560$$

$$x = \frac{1560}{130} \Rightarrow 12$$

$$\therefore \quad x^3 = (12)^3 \Rightarrow 1728$$

**नोट—**प्रश्न के अंग्रेजी संस्करण में दिए गए शब्द (Triplicate) के आधार पर हिंदी संस्करण में दिया गया शब्द तिगुना त्रुटिपूर्ण है, क्योंकि Triplicate शब्द का शाब्दिक अर्थ घन (अनुपात का घन) होगा। अतः प्रश्न के हिंदी संस्करण में तीन गुना के स्थान पर त्रिघातीय अनुपात उचित होगा, जिसके आधार पर उपरोक्त प्रश्न को हल किया गया है।

**43. 40 के वर्ग के 40% का चौथाई भाग ज्ञात करें।**

(a) 120 (b) 140
(c) 160 (d) 180

**उत्तर—(c)**

40 के वर्ग के 40% का चौथाई भाग = $(40)^2 \times \frac{40}{100} \times \frac{1}{4}$

$= 40 \times 40 \times \frac{40}{100} \times \frac{1}{4}$

$= 16 \times 10 = 160$

अतः विकल्प (c) सही उत्तर है।

**44. यदि बिक्री मूल्य तीन गुना किया जाए, तो लाभ 5 गुना हो जाता है। लाभ ज्ञात करें।**

(a) 80% (b) 100%

(c) 125% (d) 150%

**उत्तर—(b)**

माना क्रय मूल्य $= x$

विक्रय मूल्य $=$ y

लाभ $= (\text{y} - x)$ [$\because$ लाभ = विक्रय मूल्य – क्रय मूल्य ]

जब विक्रय मूल्य तीन गुना किया जाए अर्थात

विक्रय मूल्य $= 3\text{y}$

क्रय मूल्य $= x$

लाभ $= (3\text{y} - x)$

प्रश्नानुसार–

$$(3\text{y} - x) = 5\,(\text{y} - x)$$

$$3\text{y} - x = 5\text{y} - 5x$$

$$-2\text{y} = -4x$$

$$\frac{\text{y}}{x} = \frac{4}{2} \Rightarrow \frac{2}{1}$$

$$\therefore \text{ लाभ } \% = \frac{2-1}{1} \times 100 \Rightarrow 100\%$$

**45. X, रु. 42,000 में एक स्कूटर खरीदता है। वह मरम्मत पर रु. 6,000 खर्च करता है और स्कूटर को रु. 54,000 में बेचता है। उसका लाभ क्या है?**

(a) 10% (b) 12.5%

(c) 15% (d) 17.5%

**उत्तर—(b)**

स्कूटर का क्रय मूल्य = 42,000

मरम्मत पर खर्च = 6,000

$\therefore$ स्कूटर पर कुल खर्च अर्थात क्रय मूल्य

$= 42000 + 6000 = 48000$

स्कूटर का विक्रय मूल्य = 54,000 रु.

लाभ $= 54000 - 48000 = 6000$

$$\text{लाभ } \% = \frac{\text{लाभ}}{\text{क्रय मूल्य}} \times 100$$

$$= \frac{6000}{48000} \times 100 = \frac{100}{8} \Rightarrow 12.5\%$$

**46. रु. 110 लागत वाली एक वस्तु रु. 104.5 में बेची गई। कितनी छूट की पेशकश की गई थी?**

(a) 4% (b) 5%

(c) 6% (d) 7%

**उत्तर—(b)**

वस्तु का लागत मूल्य = रु. 110

वस्तु का विक्रय मूल्य = रु. 104.5

$$\text{छूट } \% = \frac{\text{क्रय मूल्य} - \text{विक्रय मूल्य}}{\text{क्रय मूल्य}} \times 100$$

$$= \frac{110 - 104.5}{110} \times 100$$

$$= \frac{5.5}{110} \times 100 = 5\%$$

अतः वस्तु पर 5% छूट की पेशकश की गई थी।

**47. चक्रवृद्धि ब्याज पर निवेश किए गए धन की राशि 2 वर्षों में रु. 1,600 और 3 वर्षों में रु. 1,680 हो गई है। ब्याज दर ज्ञात करें।**

(a) 5% (b) 6%

(c) 5.5% (d) 6.5%

**उत्तर—(a)**

$$\text{चक्रवृद्धि मिश्रधन } (A) = P\left(1 + \frac{r}{100}\right)^n \text{ से}$$

$$\text{2 वर्ष का चक्रवृद्धि मिश्रधन } (A) = P\left(1 + \frac{r}{100}\right)^2$$

$$1600 = P\left(1 + \frac{r}{100}\right)^2 \quad \text{..................(I)}$$

$$\text{3 वर्ष का चक्रवृद्धि मिश्रधन } (A) = P\left(1 + \frac{r}{100}\right)^3$$

$$1680 = P\left(1 + \frac{r}{100}\right)^3 \quad \text{..................(II)}$$

समीकरण (I) से समीकरण (II) में भाग देने पर–

$$\frac{1680}{1600} = \frac{P\left(1 + \frac{r}{100}\right)^3}{P\left(1 + \frac{r}{100}\right)^2}$$

$$\frac{21}{20} = 1 + \frac{r}{100}$$

$$\frac{r}{100} = \frac{21}{20} - 1$$

$$\frac{r}{100} = \frac{1}{20}$$

$$r = \frac{100}{20} \Rightarrow 5\%$$

**48. चक्रवृद्धि ब्याज पर निवेशित रु. 25,000 की राशि 1 वर्ष में अर्द्धवार्षिक 4% प्रति वर्ष की दर से बढ़कर कितनी हो जाएगी? (रु. में)**

(a) रु. 25,980 (b) रु. 26,010

(c) रु. 26,100 (d) रु. 26,001

**उत्तर—(b)**

मूलधन (P) = 25000 ब्याज दर (r) = 4%

समय (n) = 1 वर्ष

$A = P\left(1+\frac{r}{100}\right)^n$ से

∵ धनराशि पर ब्याज की गणना छमाही की जाती है।

∴ समय (n) = 2 [∵ 1 वर्ष = 2 छमाही]

ब्याज दर (r) = $\frac{4}{2} \Rightarrow 2\%$ [∵ ब्याज दर आधी हो जाती है।]

$$A = 25000\left(1+\frac{2}{100}\right)^2$$

$$A = 25000 \times \frac{51}{50} \times \frac{51}{50}$$

$$A = 2601 \times 10 = 26010$$

अतः धनराशि 1 वर्ष बाद 26010 रु. हो जाएगी।

**49. A ने रु. 75,000 के साथ एक कारोबार शुरू किया। B कुछ समय के बाद रु. 37,000 के साथ उसमें शामिल हुआ। यदि वर्ष के अंत में 3 : 1 के अनुपात में लाभ साझा किया जाता है, तो B कितने महीने बाद शामिल हुआ था?**

(a) 4 (b) 5

(c) 6 (d) 7

**उत्तर—(a)**

प्रश्न के अंग्रेजी संस्करण के अनुसार प्रश्न को हल करने पर–

A का निवेश = 75000

B का निवेश = 37500

माना B व्यापार में $x$ महीने बाद शामिल हुआ।

प्रश्नानुसार

$$\frac{75000 \times 12}{37500 \times (12-x)} = \frac{3}{1}$$

$$75000 \times 4 = 37500\,(12-x)$$

$$750 \times 4 = 375\,(12-x)$$

$$3000 = 375 \times 12 - 375x$$

$$3000 - 4500 = -375x$$

$$-1500 = -375x$$

$$x = \frac{-1500}{-375} \Rightarrow 4$$

अतः B व्यापार में A के 4 महीने बाद शामिल हुआ।

**50. एक छात्र के अंक 68 के बजाय 88 के रूप में दर्ज किए गए थे। इस कारण, कक्षा के औसत अंक 0.5 से बढ़ गए। कक्षा में छात्रों की संख्या क्या है?**

(a) 10 (b) 20

(c) 30 (d) 40

**उत्तर—(d)**

माना छात्रों की संख्या = $x$

छात्रों के औसत अंक = y

कक्षा के कुल अंक = $xy$

प्रश्नानुसार

$$\frac{xy+20}{x} = (y+0.5)$$

$$xy + 20 = xy + 0.5x$$

$$x = \frac{20}{0.5} \Rightarrow 40$$

**द्वितीय विधि—**

त्रुटि अंक = 88 − 68 = 20

20 अंक के औसत अंक में वृद्धि = 0.5

∴ कक्षा में छात्रों की संख्या = $\frac{20}{0.5}$ = 40

अतः कक्षा में छात्रों की संख्या 40 है।

**51. A, B से दोगुना कुशल है और B, C से तिगुना कुशल है। यदि अकेले C कोई काम 30 दिनों में पूरा कर सकता है, तो वे एक साथ मिलकर उस काम को कितने दिनों में पूरा कर सकते हैं?**

(a) 3 (b) 4

(c) 5 (d) 6

**उत्तर—(a)**

C कोई काम करता है = 30 दिनों में

∴ B वह काम करेगा = $\frac{30}{3}$ = 10 दिनों में

(∵ B, C से तिगुना कुशल है)

तथा A वह काम करेगा = $\frac{10}{2}$ = 5 दिनों में

(∵ A, B से दो गुना कुशल है)

∴ तीनों मिलकर एक दिन में करेंगे = $\frac{1}{30}+\frac{1}{10}+\frac{1}{5}$

$$= \frac{1+3+6}{30} = \frac{10}{30} = \frac{1}{3}$$

∴ तीनों मिलकर पूरा काम करेंगे = $\frac{1}{\frac{1}{3}}$ = 3 दिनों में

**52. एक हवाई जहाज 250 किमी./घं. की गति से 4 घंटे में एक निश्चित दूरी तय करता है। 1 घंटे 40 मिनट में उसी दूरी को तय करने के लिए उसकी गति क्या होनी चाहिए?**

(a) 500 किमी./घंटा (b) 550 किमी./घंटा

(c) 600 किमी./घंटा (d) 675 किमी./घंटा

**उत्तर—(c)**

हवाई जहाज की चाल = 250 किमी./घंटा

दूरी तय करने में लगा समय = 4 घंटे

$\therefore$ दूरी = 250 × 4 = 1000 किमी.

$\because$ अब वही दूरी 1 घंटे 40 मिनट में तय की जाती है।

दूरी = 1000 किमी.

समय $= 1\frac{40}{60} \Rightarrow 1\frac{2}{3}$ घंटे

$\therefore$ जहाज की नई चाल $= \frac{1000}{\frac{5}{3}}$

$= \frac{1000 \times 3}{5} = 600$ किमी./घंटा

**53. यदि एक बस किसी भी स्थान पर न रुके, तो वह 1 घंटे में 45 किमी. तय कर पाती है और यदि वह सभी स्थानों पर रुके तो वह 1 घंटे में 36 किमी. तय कर पाती है। एक घंटे में बस कितने मिनट रुकती है?**

(a) 10 (b) 10.8

(c) 12 (d) 12.5

**उत्तर—(c)**

बस की बिना रुके चाल = 45 किमी./घंटा

बस की रुक-रुक कर चलने पर चाल = 36 किमी./घंटा

प्रति घंटे बस रुकने में लगा समय = ?

बस के रुकने में लगा समय

$= \frac{\text{बिना रुके चाल} - \text{बस की रुक-रुक कर चाल}}{\text{बिना रुके चाल}} \times 60$

$= \frac{45 - 36}{45} \times 60$

$= \frac{9}{45} \times 60 = 12$ मिनट/घंटा

अतः बस प्रति घंटे 12 मिनट के लिए रुकती है।

**54. किसी आयत की लंबाई तथा चौड़ाई का अनुपात 5 : 6 है तथा इसका क्षेत्रफल 6750 सेमी.$^2$ है। आयत की लंबाई तथा क्षेत्रफल का अनुपात ज्ञात करें।**

(a) 1 : 80 (b) 1 : 84

(c) 1 : 100 (d) 1 : 90

**उत्तर—(d)**

माना आयत की लंबाई = $5x$ तथा चौड़ाई = $6x$

आयत का क्षेत्रफल = 6750 सेमी.$^2$

प्रश्नानुसार

$5x \times 6x = 6750$

$x^2 = \frac{6750}{5 \times 6}$

$x^2 = 225$

$x = 15$

$\therefore$ आयत की लंबाई = $5x = 5 \times 15 \Rightarrow 75$

$\therefore$ आयत की लंबाई तथा क्षेत्रफल का अनुपात

= 75 : 6750

= 1 : 90

अतः विकल्प (d) सही उत्तर है।

**55. 11 से विभाजित होने वाली सबसे छोटी 4 अंकों वाली संख्या के अंकों के योग और 13 से विभाजित होने वाली सबसे छोटी 4 अंकों वाले संख्या के अंकों के योग का गुणनफल ज्ञात करें।**

(a) 1 (b) 2

(c) 4 (d) 6

**उत्तर—(c)**

चार अंकों की सबसे छोटी संख्या = 1000

संख्या को 11 से विभाजित करने पर—

```
11)1000(9
    99
    10
```

$\therefore$ 11 से विभाजित होने वाली 4 अंकों की सबसे छोटी

संख्या = 1000 + (11 – 10)

= 1000 + 1 = 1001

$\therefore$ 11 से विभाजित होने वाली चार अंकों की सबसे छोटी संख्या के अंकों का योग = 1 + 1 $\Rightarrow$ 2

इसी प्रकार

13 से विभाजित होने वाली चार अंकों की सबसे छोटी संख्या

= 1000 ÷ 13

```
13)1000(76
    91
    90
    78
    12
```

$\therefore$ 13 से विभाजित होने वाली चार अंकों की सबसे छोटी संख्या

$= 1000 + (13 - 12)$

$= 1001$

प्राप्त संख्या के अंकों का योग $= 1 + 1 \Rightarrow 2$

$\therefore$ अभीष्ट गुणनफल $= 2 \times 2 = 4$

**56. 13 से विभाजित होने वाली सबसे छोटी 3 अंकीय संख्या को 16 से विभाजित किया गया है। शेषफल ज्ञात करें।**

(a) 4 (b) 5

(c) 6 (d) 8

**उत्तर—(d)**

तीन अंकों की सबसे छोटी संख्या = 100

13 से विभाजित होने वाली सबसे छोटी संख्या $= 100 \div 13$

13)100(7
−91
009

$\therefore$ 13 से विभाजित होने वाली 3 अंकों की सबसे छोटी संख्या

$= 100 + (13 - 9)$

$= 100 + 4 = 104$

संख्या को 16 से विभाजित करने पर—

16)104(6
−96
008

अतः अभीष्ट शेषफल 8 होगा।

**57. 6561 के वर्गमूल को ज्ञात करके इस संख्या को अपने वर्गमूल से विभाजित किया जाता है। परिणाम ज्ञात करें।**

(a) 3 (b) 9

(c) 27 (d) 81

**उत्तर—(b)**

6561 का वर्गमूल निकालने पर $= \sqrt{6561}$

$= \sqrt{3 \times 3 \times 3 \times 3 \times 3 \times 3 \times 3 \times 3}$

$= 3 \times 3 \times 3 \times 3$

$= 81$

अब प्राप्त संख्या का वर्गमूल ज्ञात करने पर $= \sqrt{81} = 9$

$\therefore$ अभीष्ट परिणाम $= \dfrac{6561 \text{ का वर्गमूल}}{81 \text{ का वर्गमूल}}$

$= \dfrac{81}{9} \Rightarrow 9$

अतः विकल्प (b) सही उत्तर है।

# मानसिक योग्यता

**58. इन विकल्पों में कौन-सा युग्म निम्नलिखित शृंखला को पूरा करेगा?**


A, F, K, ________, U, ________

(a) Q, Y (b) Q, Z

(c) P, Y (d) P, Z

**उत्तर—(d)**

दी गई अक्षर शृंखला निम्नवत है—




? = K + S = P

तथा ? = U + S = Z

$\therefore$ रिक्त स्थान = P, Z


**59. चार दोस्त एक इलाके में रहते हैं। A का घर B के पश्चिम में है, B का घर C के दक्षिण में और C का घर D के पूर्व में है। D से B का घर किस दिशा में है?**

(a) उत्तर-पूर्व (b) दक्षिण-पूर्व

(c) उत्तर-पश्चिम (d) दक्षिण-पश्चिम

**उत्तर—(b)**

चारों दोस्तों के घरों को प्रश्नानुसार प्रदर्शित करने पर




उपरोक्त चित्र से स्पष्ट है कि घर D से B का घर दक्षिण-पूर्व दिशा में होगा।

**60. Y, 6 मी. पश्चिम में चला, दाएं मुड़ा और आगे 8 मी. चला। अपने शुरुआती बिंदु पर वापस जाने के लिए उसकी यात्रा करने की सबसे छोटी दूरी क्या है?**

(a) 6 मी.


(b) 8 मी.

(c) 14 मी.

(d) 10 मी.

**उत्तर—(d)**

Y का गमन पथ निम्नवत है




चित्र से स्पष्ट है कि

OA = 6 मी., AB = 8 मी.

OB = ?

समकोण $\Delta$ ABC में

$(OB)^2 = (OA)^2 + (AB)^2$

$(OB)^2 = (6)^2 + (8)^2$

$(OB)^2 = 36 + 64$

$(OB)^2 = 100$

OB = $\sqrt{100} \Rightarrow$ 10 मी.

अतः Y के लिए यात्रा की सबसे छोटी दूरी 10 मी. होगी।


**61. गांव A, गांव B के पश्चिम में है, जो गांव C के दक्षिण में है, जो गांव D के पश्चिम में है। गांव D के सापेक्ष गांव A किस दिशा में है?**

(a) उत्तर-पूर्व (b) दक्षिण-पूर्व

(c) उत्तर-पश्चिम (d) दक्षिण-पश्चिम

**उत्तर—(d)**

प्रश्नानुसार गांवों को प्रदर्शित करने पर–




उपरोक्त चित्र से स्पष्ट है कि गांव A, गांव D के दक्षिण-पश्चिम दिशा में प्राप्त होगा।


**62. X, 15 किमी. दक्षिण में चला, बाएं मुड़ा और 15 मी. चला और बाएं मुड़ा और आगे 15 मी. चला। वह शुरुआती स्थिति से कितनी दूर और किस दिशा में है?**

(a) 15 मी. उत्तर (b) 15 मी. पूर्व

(c) 15 मी. दक्षिण (d) 15 मी. पश्चिम

**उत्तर—(b)**

X के चलने का क्रम निम्नवत दर्शाया गया है- (प्रश्न के अंग्रेजी संस्करण से)




उपरोक्त चित्र से स्पष्ट है कि

OA = CB = 15 मी.

तथा OC = AB = 15 मी.

अतः X, प्रारंभिक बिंदु से पूर्व दिशा में 15 मी. दूरी पर होगा।

**63. प्रश्न में एक कथन और उसके बाद दो निष्कर्ष I और II दिए गए हैं। आपको इस कथन को सत्य मानना होगा, भले ही यह आमतौर पर ज्ञात तथ्यों से अलग प्रतीत होता हो। आपको यह तय करना है कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा निष्कर्ष, यदि कोई है, दिए गए कथन का अनुसरण करता है।**

**कथन I :** कोई देश इन दिनों पूरी तरह से आत्मनिर्भर नहीं है।

**निष्कर्ष I :** उन सभी बातों को विकसित करना और उत्पादन करना असंभव है, जिनकी देश को आवश्यकता होती है।

**निष्कर्ष II :** आमतौर पर देशवासी आलसी हो गए हैं।

(a) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है।

(b) केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है।

(c) I और II दोनों अनुसरण करते हैं।

(d) न तो I और न ही II अनुसरण करते हैं।

**उत्तर—(a)**

दिए गए कथन से प्रतीत होता है कि उन सभी बातों को विकसित करना और उत्पादन करना असंभव है, जिनकी देश को आवश्यकता होती है, जबकि निष्कर्ष II असत्य है क्योंकि किसी भी देश के निवासी को आलसी नहीं कहा जा सकता है। देश के अंदर कुछ व्यक्ति आलसी हो सकते हैं, परंतु सभी को आलसी नहीं कहा जा सकता। अतः दिए गए कथन का केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है।

**64. प्रश्न में एक कथन और उसके बाद दो तर्क 1 और 2 दिए गए हैं। आपको इस कथन को सत्य मानना होगा, भले ही यह आमतौर पर ज्ञात तथ्यों से अलग प्रतीत होता हो। आपको यह तय करना है कि दिए गए तर्कों में से कौन-सा तर्क, यदि कोई है, दिए गए कथन का अनुसरण करता है।**

**कथन :** क्या दिल्ली में नए बड़े उद्योग शुरू किए जाने चाहिए?

**तर्क 1 :** नहीं, इससे शहर के प्रदूषण में इज़ाफा होगा।

**तर्क 2 :** हां, यह रोजगार के अवसर प्रदान करेगा।

(a) केवल तर्क 1 मजबूत है।

(b) केवल तर्क 2 मजबूत है।

(c) तर्क 1 और 2 दोनों मजबूत हैं।

(d) न तो तर्क 1 और न ही तर्क 2 मजबूत है।

**उत्तर—(c)**

दिए गए कथन 'क्या दिल्ली में नए बड़े उद्योग शुरू किए जाने चाहिए' से यह तर्क नहीं निकलता है, इससे शहर के प्रदूषण में इज़ाफा होगा क्योंकि बड़ा उद्योग अवश्य रूप से प्रदूषण (ध्वनि, वायु एवं जल) उत्पन्न करेगा तथा यह भी तर्क निकलता है कि बड़े उद्योग से रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे, क्योंकि किसी भी उद्योग में उद्यमियों की आवश्यकता होती है। अतः तर्क 1 और तर्क 2 दोनों मजबूत हैं।

**65. प्रश्न में दो कथन और उसके बाद तीन निष्कर्ष I, II और III दिए गए हैं। आपको इस कथन को सत्य मानना होगा, भले ही यह आमतौर पर ज्ञात तथ्यों से अलग प्रतीत होता हो। आपको यह तय करना है कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा निष्कर्ष, यदि कोई है, दिए गए कथन का अनुसरण करता है।**

**कथन 1 :** कई व्यावसायिक कार्यालय 2 से 8 मंजिल वाले भवनों में स्थित हैं।

**कथन 2 :** यदि किसी भवन में 3 मंजिलें हैं, तो इसमें लिफ्ट होती है।

**निष्कर्ष I :** सभी मंजिलों पर लिफ्टों द्वारा पहुंचा जा सकता है।

**निष्कर्ष II :** केवल तीसरी मंजिलों के ऊपर वाली मंजिलों में लिफ्ट हैं।

**निष्कर्ष III :** 7वीं मंजिलों में लिफ्ट हैं।

(a) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है।

(b) केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है।

(c) केवल निष्कर्ष III अनुसरण करता है।

(d) तीनों अनुसरण करते हैं।

**उत्तर—(c)**

दिए गए दोनों कथनों से यह निष्कर्ष निकलता है कि 7वीं मंजिलों में लिफ्ट हैं, क्योंकि दूसरे कथन में दिया गया है कि किसी भवन में 3 मंजिलें हैं, तो इसमें लिफ्ट होती है, यानी 7वीं मंजिल में अवश्य रूप से लिफ्ट है।

**66. 'FLAMBOYANT' शब्द के अक्षरों द्वारा कौन से शब्द का गठन नहीं किया जा सकता है?**

(a) Lamb (b) Bout

(c) Moan (d) Boat

**उत्तर—(b)**

'FLAMBOYANT' शब्द के अक्षरों द्वारा 'BOUT' शब्द नहीं बनाया जा सकता, क्योंकि दिए गए मूल शब्द में BOUT शब्द का अक्षर 'U' अनुपस्थित है।

**67. निम्नलिखित शब्दों में से किस शब्द के अक्षर अंग्रेजी वर्णमाला क्रमानुसार हैं?**

(a) Shade (b) Heart

(c) Billow (d) Charge

**उत्तर—(c)**

दिए गए शब्दों में से Billow ऐसा शब्द है, जिसके अक्षर अंग्रेजी वर्णमाला के क्रमानुसार क्रमशः B, I, L, O तथा W लिखे गए हैं,जबकि अन्य शब्दों में ऐसा नहीं है।

**68. दिए गए विकल्पों में से संबंधित शब्द चुनिए।**

**हिरण : मृग छोना :: घोड़ा : ?**

(a) मेमना (b) बछेड़ा

(c) बछड़ा (d) दादुर

**उत्तर—(b)**

जंतु वंशावली के तहत जिस प्रकार हिरण (Deer) के बच्चे को मृग छोना (Fawn) कहते हैं, ठीक उसी प्रकार घोड़ा (Horse) के बच्चे को बछेड़ा (Foal) कहा जाता है।

**69. निम्नलिखित विकल्पों में से प्रत्येक में शब्दों के जोड़े दिए गए हैं। प्रश्न में दिए गए जोड़े के साथ मेल करने के लिए सबसे अच्छा जोड़ा चुनें।**

**भागना : चलना**

(a) भारी वर्षा : बूंदा-बांदी (b) जॉग : दौड़ना

(c) गोताखोरी : तैरना (d) उछाल : चौकड़ी

**उत्तर—(a)**

जिस प्रकार चलने के बाद की क्रिया भागना होती है, उसी प्रकार बूंदा-बादी के पश्चात (आगे की) की क्रिया भारी वर्षा होती है।

**70. दिए गए विकल्पों में से संबंधित अक्षरों का चयन करें।**

**EH : VS :: MJ : ?**

(a) OQ (b) NR

(c) QM (d) NQ

**उत्तर—(d)**

जिस प्रकार E H : V S

(विपरीत अक्षर)

उसी प्रकार M J : N Q

(विपरीत अक्षर)

अतः उपयुक्त पद NQ होगा।

**71. उस विकल्प को ज्ञात करें जो दिए गए समूह/वर्ग का सदस्य हो।**

**ताला, रोक, कसा हुआ**

(a) खुला (b) खिड़की

(c) बंद (d) द्वार

**उत्तर—(c)**

ताला, रोक तथा कसा हुआ ये सभी प्रतिबंध को दर्शाते हैं, इसी क्रम में बंद भी शामिल होगा। अतः विकल्प (c) सही उत्तर है।

**72. लुप्त संख्या ज्ञात करें—**

**1, 4, 27, 256, _____**

(a) 3,125 (b) 625

(c) 720 (d) 2,500

**उत्तर—(a)**

दी गई अक्षर श्रृंखला निम्नवत है-

1 4 27 256 ?
↓ ↓ ↓ ↓ ↓
$1^1$ $2^2$ $3^3$ $4^4$ $5^5$

$\therefore ? = 5^5$
$= 5 \times 5 \times 5 \times 5 \times 5$
$= 3125$

अतः श्रृंखला में लुप्त संख्या '3125' होगी।

**73. श्रृंखला में लुप्त संख्याएं (X और Y) ज्ञात करें और Y + X का मान ज्ञात करें।**

**20, 22, 24, 26, X, 32, 36, Y**

(a) 62 (b) 64
(c) 66 (d) 68

**उत्तर—(d)**

दी गई अक्षर श्रृंखला निम्नवत है—

20 22 24 26 X 32 36 Y
+2 +2 +2 +2 +4 +4 +4

$X = 26 + 2 \Rightarrow 28$

$Y = 36 + 4 \Rightarrow 40$

उपरोक्त श्रृंखला के प्रथम पांच संख्याओं में +2 की वृद्धि हो रही है, जबकि इसी श्रृंखला में आगे +4 की वृद्धि हो रही है।

$\therefore X + Y = 28 + 40 \Rightarrow 68$

**74. संख्याओं की वह जोड़ी ज्ञात करें जो पैटर्न में उपयुक्त होगी—**

**11, 112 , 1331, 146 41, ?**

(a) 161 051 (b) 161 050
(c) 160 051 (d) 160 050

**उत्तर—(a)**

दी गई संख्या श्रृंखला निम्नवत है—

11, 121, 1331, 14641, ?
×11 ×11 ×11 ×11

$\therefore ? = 14641 \times 11$
$= 161051$

अतः श्रृंखला की अगली संख्या 161051 होगी।

**75. दिए गए विकल्पों में से कौन-सी श्रृंखला का तर्क निम्न श्रृंखला के तर्क के सामान है?**

**G, I, K, M, O**

(a) X, Z, B, D, F
(b) X, Y, B, D, E
(c) P, S, U, V, W
(d) K, L, N, Q, S

**उत्तर—(a)**

दी गई अक्षर श्रृंखला निम्नवत है—

G I K M O
+2 +2 +2 +2

उपरोक्त अक्षर श्रृंखला के समान तर्क पर आधारित श्रृंखला के सभी विकल्पों को हल करने पर—

विकल्प (a) से—

X Z B D F
+2 +2 +2 +2

विकल्प (b) से—

X Y B D E
+1 +3 +2 +1

विकल्प (c) से—

P S U V W
+3 +2 +1 +1

विकल्प (d) से—

K L N Q S
+1 +2 +3 +2

अतः विकल्प (a) की अक्षर श्रृंखला, प्रश्न श्रृंखला के तर्क के समान है।

**76. इस श्रृंखला में लुप्त मान ज्ञात करें—**

**A1C, E4H, 19M, M16R, ______**

(a) 125K (b) Q25W
(c) M36J (d) Q36K

**उत्तर—(b)**

दी गई श्रृंखला निम्नवत है—

| | | |
|---|---|---|
| A | $(1)^2 = 1$ | C |
| +4 ↓ | ↓ | +5 ↓ |
| E | $(2)^2 = 4$ | H |
| +4 ↓ | ↓ | +5 ↓ |
| I | $(3)^2 = 9$ | M |
| +4 ↓ | ↓ | +5 ↓ |
| M | $(4)^2 = 16$ | R |
| +4 ↓ | ↓ | +5 ↓ |
| Q | $(5)^2 = 25$ | W |

$\therefore$ लुप्त मान = Q25W

अतः श्रृंखला में लुप्त पद का मान Q25W होगा।

**77. एक श्रेणी दी गई है, जिसमें एक पद लुप्त है। दिए गए विकल्पों में से उचित विकल्प चुनकर श्रेणी को पूर्ण करें।**


**A1Z1, X3C3, E3V4, T9G7, ?**

(a) H20R11 (b) I27R11

(c) I27S12 (d) H20S12

**उत्तर—(b)**

दी गई श्रेणी निम्न प्रकार से बढ़ रही है—




अतः अगला पद I27R11 होगा, जो श्रेणी को पूरा करेगा।

**78. किसी कूट भाषा में 817 का अर्थ है 'cotton makes thread', 827 का अर्थ है 'thread makes cloth' और 213 का अर्थ है 'soft cotton cloth', 'soft' के लिए कूट ज्ञात करें।**

(a) 3 (b) 1

(c) 2 (d) 7

**उत्तर—(a)**

cotton makes thread = 8 1 7 ————(i)

thread makes cloth = 8 2 7 ————(ii)

soft cotton cloth = 2 1 3 ————(iii)

समी. (i), (ii) एवं (iii) से स्पष्ट है।

soft = 3 होगा। अतः विकल्प (a) सही उत्तर है।

**79. किसी विशेष कूट में, SLOB को 4379 लिखा जाता है और FATE को 2685 लिखा जाता है। इस कूट में LOFT कैसे लिखा जाएगा?**

(a) 7539 (b) 5626

(c) 3728 (d) 2091

**उत्तर—(c)**

दिए गए शब्दों को उनके कूट में लिखने पर—

S L O B तथा F A T E

↓ ↓ ↓ ↓ ↓ ↓ ↓ ↓

4 3 7 9 2 6 8 5

इसलिए LOFT = 3728

अतः विकल्प (c) सही उत्तर है।

**80. किसी विशेष कूट भाषा में '+', '×' को प्रस्तुत करता है, '–', '+' को प्रस्तुत करता है, '×', '÷' को प्रस्तुत करता है, '÷', '–' को प्रस्तुत करता है। निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर ज्ञात करें।**

$16 \div 8 \times 4 - 2 + 1 = ?$

(a) 22 (b) 27

(c) 16 (d) 13

**उत्तर—(c)**

दिया गया समी.

$16 \div 8 \times 4 - 2 + 1 = ?$

प्रश्नानुसार चिह्नों को बदलने पर

$16 - 8 \div 4 + 2 \times 1 = ?$

$16 - 2 + 2 = ?$

$\therefore ? = 16$

अतः विकल्प (c) सही उत्तर है।


**81. यदि HOLIDAY को ELIFAXV के रूप में कूटबद्ध किया जाता है, तो SUM को कैसे कूटबद्ध किया जाएगा?**

(a) PRJ (b) EHK


(c) LOR (d) SVY

**उत्तर—(a)**

जिस प्रकार




उसी प्रकार




अतः विकल्प (a) सही उत्तर है।

**82. यदि A@B का अर्थ है कि A, B का बेटा है, A#B का अर्थ है कि A, B का भाई है और यदि A * B का अर्थ है कि A, B की मां है, तो X# Y@ Z * W का क्या अर्थ है यदि Z के 2 बेटे और एक बेटी है?**

(a) W, X की बहन है। (b) W, X का भाई है।
(c) W, X का पुत्र है। (d) W, X की पुत्री है।


**उत्तर—(a)**

प्रश्नानुसार व्यवस्थित करने पर

X # Y $\rightarrow$ X, Y का भाई है।

Y @ Z $\rightarrow$ Y, Z का बेटा है।

Z * W $\rightarrow$ Z, W की मां है।




चूंकि प्रश्न में दिया है Z के 2 बेटे जो उपर्युक्त चित्र से स्पष्ट है X एवं Z हैं तथा एक पुत्री जो W होगी। अतः W, X की बहन है।


**83. P % Q का अर्थ है कि P, Q का पिता है; P ! Q का अर्थ है कि P, Q की बहन है और P * Q का अर्थ है कि P, Q की पुत्री है। निम्नलिखित में से क्या दर्शाता है कि P, S की बहन का पति है?**

(a) P * Q % R ! S (b) P % Q ! R * S
(c) P * Q ! R % S (d) P % Q * R ! S

**उत्तर—(d)**

विकल्प (d) से—

P % Q * R ! S को प्रश्नानुसार व्यवस्थित करने पर




अतः चित्र से स्पष्ट है कि P, S की बहन (R) का पति है।


अतः विकल्प (d) सही उत्तर है।

**84. K ने L से कहा कि, ''तुम मेरे पति के दामाद की बेटी हो।'' L, K से किस तरह संबंधित है?**

(a) L, K की नातिन है। (b) L, K की पुत्री है।
(c) L, K का दामाद है। (d) L, K का पिता है।


**उत्तर—(a)**

प्रश्नानुसार





चित्र से स्पष्ट है कि L, K की नातिन है।

**85. निम्नलिखित आकृति में, वर्ग लोकतंत्रवादियों को दर्शाता है, त्रिभुज शिल्पकारों को दर्शाता है, वृत्त भारतीयों को दर्शाता है और आयताकार पिताओं को दर्शाता है। अक्षरों का कौन-सा सेट/कौन-सा अक्षर उन भारतीयों को दर्शाता है, जो लोकतंत्रवादी हैं?**






(a) E (b) BF
(c) B (d) CB



**उत्तर—(d)**




चित्र से स्पष्ट है कि CB उन भारतीयों को दर्शाता है, जो लोकतंत्रवादी हैं।


**86. निम्नलिखित में से कौन-सा वेन आरेख त्रिकोण, षट्कोण और ज्यामितीय आकृतियों के बीच के संबंध को सबसे अच्छा दर्शाता है?**

(a)  (b) 

(c)  (d) 


**उत्तर—(c)**

प्रश्नानुसार षट्कोण तथा त्रिकोण दोनों ही ज्यामितीय आकृति हैं तथा दोनों आपस में एक-दूसरे से भिन्न हैं।




अतः विकल्प (c) सही उत्तर है।


**87. एक महिला ने वजन कम करने के लिए छह महीने के एक प्रोग्राम में भाग लिया है। प्रोग्राम शुरू करने से पहले उसका वजन 100 किग्रा. था। रेखा आरेख प्रत्येक महीने के अंत में किग्रा. में उसके वजन को दिखाता है। पिछले महीने की तुलना में कितने महीनों में उसका वजन कम होने की बजाय बढ़ा है?**




(a) 1 (b) 3


(c) 2 (d) 4

**उत्तर—(c)**




ग्राफ से स्पष्ट है कि, महिला का वजन दो बार तीसरे महीने में और 5वें महीने में अपने से पहले महीने के अपेक्षा बढ़ा है। अतः विकल्प (c) सही उत्तर है।

**88. बार आरेख सप्ताह के विभिन्न दिनों में एक संग्रहालय में आगंतुकों की संख्या को दिखाता है। शनिवार को आगंतुकों की संख्या गुरुवार के आगंतुकों की संख्या से ____ % कम थी।**




(a) 300 (b) 200

(c) 60 (d) 50

**उत्तर—(c)**

ग्राफ से स्पष्ट है कि

गुरुवार के दिन आगंतुकों की संख्या = 500


शनिवार के दिन आगंतुकों की संख्या = 200

$\therefore$ अंतर = 500 – 200 = 300

$$\therefore \% \text{ अंतर} = \frac{300}{500} \times 100 = 60\%$$

अतः विकल्प (c) सही उत्तर है।

**89. खराद मशीन का उपयोग करके आइटम A तैयार होने में 12 घंटे लेती है और आइटम B, 15 घंटे लेती है। आइटम A के लिए लगने वाला ड्रिलिंग समय आइटम B के लिए लगने वाले ड्रिलिंग समय से ________% से कम है।**




(a) 25 (b) 66.67

(c) 39.39 (d) 100

**उत्तर—(c)**

प्रश्नानुसार

आइटम A में

100% = 12 घंटे

$$\therefore \text{ड्रिलिंग } 25\% = \frac{12}{100} \times 25 = 3 \text{ घंटे}$$

तथा आइटम B में

100% = 15 घंटे

$$\therefore \text{ड्रिलिंग } 33\% = \frac{15}{100} \times 33 = 4.95 \text{ घंटे}$$

$\therefore$ आइटम B में ड्रिलिंग से आइटम A में ड्रिलिंग का अंतर

= 4.95 – 3 = 1.95 घंटे

$$\therefore \% \text{ अंतर} = \frac{1.95}{4.95} \times 100 = 39.39\%$$

अतः विकल्प (c) सही उत्तर है।

**90. कौन-सा शब्द अन्य शब्दों से अलग है?**

(a) दौड़ना (b) सोना

(c) जॉग (d) चलना

**उत्तर—(b)**

दौड़ना, जॉगिंग करना तथा चलना, तीनों ही शारीरिक क्रियाएं हैं, जबकि सोना (sleep) विश्राम करने से संबंधित है। अतः विकल्प (b) अन्य तीनों से भिन्न है।

**91. दिए गए विकल्पों में से विषम अक्षर चुनें।**

(a) LKM (b) EDC

(c) IHG (d) SRQ

**उत्तर—(a)**

विकल्प (b) से

L K M (−1, +2)

विकल्प (c) से

E D C (−1, −1)

विकल्प (d) से


I H G (−1, −1)


विकल्प (a) से


S R Q (−1, −1)


विकल्प (b), (c) तथा (d) में एक-एक स्थान कम किया गया है, जबकि विकल्प (a) में यह नियम नहीं है।

**92. उस आकृति को चुनें जो बाकी आकृतियों से अलग है।**

(a) 

(b) 

(c) 

(d) 

**उत्तर—(b)**

विकल्प आकृति (a), (c) एवं (d) में पांच  इस तरह के वृत्त एवं चार  इस तरह के वृत्त हैं, जबकि विकल्प (b) में पांच  एवं चार  इस तरह के वृत्त हैं। अतः विकल्प (b) आकृति अन्य तीनों से भिन्न है।

**93. उस आकृति को चुनें जो बाकी आकृतियों से अलग है।**

(a)

| | | |
|---|---|---|
| H | Q | Y |
| N | I | X |
| O | S | Z |

(b)

| | | |
|---|---|---|
| X | Q | Y |
| Z | S | H |
| N | O | I |

(c)

| | | |
|---|---|---|
| X | T | Z |
| N | Q | S |
| H | Y | O |

(d)

| | | |
|---|---|---|
| Q | S | X |
| Y | O | N |
| I | H | Z |

**उत्तर—(c)**

विकल्प (a), (b) तथा (d) में दो स्वर (I, O) एवं 7 व्यंजन उपस्थित हैं, जबकि विकल्प (c) में केवल एक स्वर (O) एवं 8 व्यंजन उपस्थित है, जो अन्य विकल्पों में नहीं है। अतः विकल्प (c) अन्य से भिन्न है।

**94. दिए गए विकल्पों से संबंधित शब्द का चयन करें।**

**बंदूक : गोली :: टार्च : ?**

(a) आग (b) बैटरी

(c) अंधकार (d) मोमबत्ती

**उत्तर—(b)**

जिस प्रकार 'बंदूक' के अंदर 'गोली' होती है, उसी प्रकार 'टार्च' के अंदर 'बैटरी' होती है। अतः विकल्प (b) सही उत्तर है।

**95. दिए गए विकल्पों से संबंधित संख्या चुनें?**

**125.3 : 5 :: 14641.4 : ?**

(a) 11 (b) 6

(c) 4 (d) 14

**उत्तर—(a)**

जिस प्रकार

$125.3 : 5 \Rightarrow (5)^3 = 125$

उसी प्रकार


$14641.4 : ? \Rightarrow (?)^4 = 14641$


$\Rightarrow ? = \sqrt[4]{14641}$


$\therefore ? = 11$


अतः विकल्प (a) सही उत्तर है।


**96. दी गई उत्तर आकृतियों में से उस एक का चयन करें, जिसमें प्रश्न आकृति निहित है।**



(a) 

(b) 


(c) 


(d) 


**उत्तर—(c)**



दी गई प्रश्न आकृति, उत्तर आकृति (c) में निहित है।

**97. कौन-सी उत्तर आकृति, प्रश्न आकृति में पैटर्न को पूरा करेगी?**



(a) 


(b) 


(c)  (d) 


**उत्तर—(a)**


दी गई प्रश्न आकृति को विकल्प (a) की उत्तर आकृति पूरा करेगी।


**98. निम्नलिखित में से कौन-सी उत्तर आकृति के पैटर्न को प्रश्न आकृति बनाने के लिए जोड़ा जा सकता है?**



(a) 

(b) 


(c) 



(d) 



**उत्तर—(d)**

प्रश्न में दिए गए पैटर्न को विकल्प 'd' में दी गई उत्तर आकृति से बनाया जा सकता है।

**99. उत्तर आकृति में किस घन को प्रश्न आकृति में फैले हुए घन के आधार पर नहीं बनाया जा सकता है?**




(a)  (b) 

(c)  (d) 

**उत्तर—(a)**

5 का विपरीत फलक = 6




1 का विपरीत फलक = 3

2 का विपरीत फलक = 4

∵ खुले हुए आकृति को घन के रूप में मोड़ने पर विपरीत फलक एक साथ नहीं होंगे।

अतः विकल्प (a) में दिया गया घन, खुले हुए आकृति से नहीं बनाया जा सकता है।

**दिए गए (Q. 100 से Q102) प्रश्नों का उत्तर देने के लिए निम्नलिखित जानकारी पढ़िए।**

**गाने की प्रतियोगिता के टी.वी. शो का जज बनने हेतु निम्नलिखित शर्तें हैं।**

(A) व्यक्ति ने गायन या संगीत में कम-से-कम एक पुरस्कार जीता हो।

(B) व्यक्ति ने संगीत के क्षेत्र में कम-से-कम 10 वर्ष तक काम किया हो।

(C) व्यक्ति को कम-से-कम 3 भाषाएं आती हों।

(D) व्यक्ति को अपनी वार्षिक आय का कम से कम 10% प्रतियोगिता के विजेता को देने के लिए तैयार होना चाहिए।

(E) व्यक्ति की आयु 35 वर्ष से कम और 70 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

हालांकि, इसको छोड़कर यदि कोई उम्मीदवार अन्य सभी मानदंडों को पूर्ण करता है।

(1) B उपरोक्त; यदि व्यक्ति इन मानदंडों को पूर्ण नहीं करता है, तो उसके आवेदन को विचार के लिए रखा जाएगा।

(2) D उपरोक्त; यदि व्यक्ति ने अपने जीवनकाल में एक बार भी अपनी वार्षिक आय का 50% दान में दिया है, तो उसे इस शर्त से छूट दी जाएगी।

(3) E उपरोक्त; यदि व्यक्ति इन शर्त को पूर्ण नहीं करता है, परंतु अन्य सभी शर्तों को पूर्ण करता है, तो उसका आवेदन विचार के लिए रखा जाएगा।

नीचे दिए गए इन मानदंडों और जानकारी के आधार पर प्रत्येक मामले में कार्यवाही का निर्णय लें। आप कुछ भी अपने आप से मान नहीं सकते।

**100. व्यक्ति A, 40 वर्ष का है, वह प्रतियोगिता के विजेता को अपनी वार्षिक आय का 10% दान करना चाहता है। उन्होंने संगीत उद्योग में अपने 15 वर्षों के अनुभव में 3 पुरस्कार जीते हैं और केवल हिंदी और अंग्रेजी में बोल सकते हैं।**

(a) जज बनाया जाए

(b) जज न बनाया जाए

(c) आवेदन पर विचार किया जाए

(d) आंकड़े अपर्याप्त हैं।

**उत्तर—(b)**

प्रश्नानुसार, व्यक्ति को जज न बनाया जाए क्योंकि, प्रश्न में शर्त (c) के अनुसार कम-से-कम '3' भाषाएं आती हों, जबकि व्यक्ति को केवल दो भाषा हिंदी और अंग्रेजी ही बोल सकता है। अतः व्यक्ति, जज बनने की शर्तों को पूरा नहीं करता है। अतः विकल्प (b) सही उत्तर है।

**101. व्यक्ति B एक प्रतियोगिता के विजेता को अपनी वार्षिक आय का 5% दान करने को इच्छुक है। उन्होंने अपने किशोरावस्था में संगीत उद्योग में प्रवेश करने के बाद से इसमें 30 वर्षों तक काम किया है। वह हिंदी, अंग्रेजी, तमिल और उनकी मातृभाषा में बात कर सकते हैं। वर्ष 2016 में उन्होंने बाढ़ राहत के लिए रु. 7 लाख दान दिए थे, जब उनकी वार्षिक आय रु. 12 लाख थी।**

(a) जज बनाया जाए

(b) जज न बनाया जाए

(c) आवेदन पर विचार किया जाए

(d) आंकड़े अपर्याप्त हैं

**उत्तर—(b)**

प्रश्नानुसार, व्यक्ति को जज न बनाया जाए क्योंकि, व्यक्ति शर्त 'A' व्यक्ति ने गायन या संगीत में कम-से-कम एक पुरस्कार जीता हो; को पूर्ण नहीं करता है, जबकि वह बाकी शर्तों को पूर्ण करता है। इस प्रकार व्यक्ति जज बनने की शर्त को पूरा नहीं करता है। अतः विकल्प (b) सही उत्तर है। जबकि भर्ती बोर्ड इस प्रश्न का उत्तर विकल्प (a) माना है।

**102. व्यक्ति C ने संगीत उद्योग में अपने 25 वर्षों के अनुभव में 5 पुरस्कार जीते हैं। उन्होंने भूकंप राहत के लिए वर्ष 2017 में अर्जित अपनी पूरी वार्षिक आय दान की थी। वह अंग्रेजी, फ्रेंच और हिंदी में अस्खलित बोल सकती है।**

(a) जज बनाया जाए

(b) जज न बनाया जाए


(c) आवेदन पर विचार किया जाए



(d) आंकड़े अपर्याप्त हैं।



**उत्तर—(c)**

प्रश्नानुसार व्यक्ति 'C' के आवेदन पर विचार किया जाना चाहिए। क्योंकि शर्त 'E' के लिए व्यक्ति की उम्र स्पष्ट नहीं है, जबकि अन्य सभी शर्तें पूरा करता है। इस प्रकार अभीष्ट उत्तर विकल्प (c) होना चाहिए, जबकि भर्ती बोर्ड परीक्षा ने इस प्रश्न का उत्तर विकल्प (d) अर्थात आंकड़े अपर्याप्त हैं, माना है।

**103. निम्नलिखित में से कौन-सी उत्तर आकृति के पैटर्न प्रश्न आकृति में दी गई श्रृंखला को पूरा कर सकती है?**




(a)  (b) 



(c)  (d) 



**उत्तर—(b)**

दिए गए पैटर्न में आकृति '▯' वामावर्त घूम रही है तथा आकृति '⊕' दक्षिणावर्त घूमते हुए अपना स्थान ऊपर -नीचे बदल रही है। अतः विकल्प (b) में दी गई आकृति, पैटर्न को पूरा करेगी।

**104. निम्नलिखित में से कौन-सी उत्तर आकृति पैटर्न प्रश्न आकृति में दी गई श्रृंखला को पूरा कर सकता है?**




(a)  (b) 

(c)  (d) 

**उत्तर—(b)**

दिए गए पैटर्न को विकल्प (b) में दी गई उत्तर आकृति पूरा करेगी।

**105. दी गई छवि बनाने के लिए न्यूनतम कितनी रेखाओं की जरूरत है?**




(a) 12 (b) 15


(c) 14 (d) 13



**उत्तर—(d)**



दिए गए चित्र को बनाने के लिए न्यूनतम '13' रेखाओं की जरूरत है।



**106. यदि एक दर्पण को रेखा MN पर रखा गया है, तो कौन-सी उत्तर आकृति दी गई आकृति की सही छवि है?**





(a)  (b) 


(c)   (d) 



**उत्तर—(d)**



दी गई प्रश्न आकृति का दर्पण प्रतिबिंब विकल्प (d) में दी गई आकृति होगी।




**107. प्रश्न आकृति में नीचे दिखाए अनुसार, पेपर के टुकड़े को फोल्ड और पंच किया गया है। दी गई उत्तर आकृतियों से, इंगित करें कि इसे खोले जाने पर यह कैसा दिखाई देगा?**



(a)   (b) 

(c)   (d) 

**उत्तर—(a)**

पेपर आकृति को खोलने पर विकल्प (a) में दिए गए उत्तर आकृति के जैसे दिखाई देगी।

**108. निम्नलिखित शब्दों को अंग्रेजी शब्दकोश के क्रमानुसार रखें और उस शब्द को चुनें जो सबसे पहले आएगा।**
**refocus; refinery; reflexes; reflector**

(a) refocus (b) refinery
(c) reflector (d) reflexes

**उत्तर—(b)**

दिए गए शब्दों को अंग्रेजी वर्णमाला के अनुसार व्यवस्थित करने पर—

refinery, reflector, reflexes, refocus
1 2 3 4

अतः विकल्प (b) 'refinery' सबसे पहले आएगा।

**109. दी गई श्रेणी में एक शब्द लुप्त है। दिए गए विकल्पों में से उचित विकल्प चुनिए जो श्रेणी को पूर्ण करता हो।**

Terrain, Intuitive, Venture, Rearrange,?

(a) Gender (b) Virtual
(c) Strategy (d) Suspense

**उत्तर—(a)**

दिए गए श्रेणी में शब्द के अंतिम दो अक्षर से अगला शब्द प्रारंभ हो रहा है।

Terra<u>in</u>, Intuiti<u>ve</u>, venture, Rearran<u>ge</u> [Gender]


∵ अंतिम शब्द Rearrange है, जिसका अंतिम दो अक्षर ge है।
∴ अगला पद ge से प्रारंभ होगा, जो 'Gender' है। अतः विकल्प (a) सही उत्तर है।

**110. दी गई श्रेणी में एक शब्द लुप्त है। दिए गए विकल्पों में से उचित विकल्प चुनिए, जो श्रेणी को पूर्ण करता हो।**
**ZBA, YDC, XFE, WHG, VJI?**

(a) KLU (b) HIJ
(c) URS (d) ULK

**उत्तर—(d)**

दी गई श्रेणी निम्न है—




अतः विकल्प (d) सही उत्तर है।

**111. दी गई श्रेणी में एक पद लुप्त है। दिए गए विकल्पों में से उचित विकल्प चुनिए जो श्रेणी को पूर्ण करता हो।**
**EEEEEFFFFF, FEEEEFFFFE, FFEEEFFFEE, FFFEEFFEEE FFFFEFEEEE, ?**

(a) FFFFEEEE
(b) EFFFFEEEEF
(c) FFFFFEEEEE
(d) FFFEFEFEEE

**उत्तर—(c)**

दी गई श्रेणी में दूसरे पद में एक 'F' आगे और एक 'E' पीछे है और तीसरे पद में दो 'FF' आगे और दो 'EE' पीछे हैं और इसी तरह श्रेणी आगे की ओर बढ़ रही है।

अतः श्रेणी का अगला पद 'FFFFFEEEEE' होगा। अतः विकल्प (c) उत्तर है।


**112. दी गई श्रेणी में एक संख्या लुप्त है। दिए गए विकल्पों में से उचित विकल्प चुनिए जो श्रेणी को पूर्ण करता हो।**

–4.5, –2.6, –0.7, ?, 3.1

(a) 1.4 (b) 1.2
(c) 1 (d) 1.6

**उत्तर—(b)**

दी गई श्रेणी निम्न प्रकार से है–





अतः विकल्प (b) सही उत्तर है।

**113. यदि किसी महीने का चौथा दिन रविवार है, तो निम्नलिखित में कौन-सा दिन उसी महीने के तीसवें दिन के पहले का छठा दिन होगा?**

(a) रविवार (b) मंगलवार

(c) शनिवार (d) शुक्रवार

**उत्तर—(c)**




$\because$ महीने का चौथा दिन 'रविवार' है, तो महीने का पहला दिन बृहस्पतिवार (गुरुवार) होगा। अतः महीने में अगला 'गुरुवार' 8, 15, 22, 29 को पड़ेगा।

$\because$ 30वें दिन के पहले का छठा दिन '24' को पड़ेगा।

$\therefore$ 24 को शनिवार होगा।

($\because$ 22 + 2 = गुरुवार +2 = शनिवार)

# हिन्दी

**114. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से उस सही विकल्प का चयन करें जो बताता है कि संयोग और वियोग किस रस के रूप हैं?**

(a) वात्सल्य (b) भयानक

(c) शृंगार (d) अद्भुत

**उत्तर—(c)**

नायक-नायिका के सौन्दर्य तथा प्रेम संबंधी वर्णन की परिपक्व अवस्था को 'शृंगार रस' कहते हैं। इसका स्थायी भाव 'रति' है। इसके दो भेद हैं– संयोग शृंगार और वियोग शृंगार।

**115. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस सही विकल्प का चयन करें जो निर्देशानुसार वाक्य परिवर्तन वाला सही विकल्प है।**

**पिता जी पत्र पढ़ रहे हैं। (कर्मवाच्य)**

(a) पत्र पिता जी द्वारा पढ़ा गया

(b) पिता जी ने पत्र पढ़ा

(c) पिता जी से पत्र पढ़ा जा रहा है

(d) पिता जी पत्र पढ़ रहे हैं।

**उत्तर—(c)**

पिताजी पत्र पढ़ रहे हैं। वाक्य का कर्मवाच्य रूप होगा-'पिताजी से (द्वारा) पत्र पढ़ा जा रहा है।' क्रिया का वह रूपांतर जिससे वाक्य में कर्म की प्रधानता का बोध हो, कर्मवाच्य कहलाता है।

**116. योजक चिह्न का सही उदाहरण कौन-सा है?**

(a) शिवजी और शिवेश भाई-बहन हैं।

(b) हेमा, गुनगुन, माया सहेलियाँ हैं।

(c) रोहन ने कहा - मुझे पढ़ाई करनी है।

(d) मैं घूमने जा रही हूँ।

**उत्तर—(a)**

विकल्प (a) में प्रस्तुत वाक्य योजक चिह्न का सही उदाहरण है। दो विपरीतार्थक शब्दों के बीच योजक चिह्न लगाया जाता है। जैसे-भाई-बहन, माता-पिता, रात-दिन, पाप-पुण्य, स्त्री-पुरुष आदि।

**117. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, दिए गए शब्द के सही समास वाला विकल्प पहचानिये।**

**सप्तसिंधु**

(a) सात सिन्धों का समूह

(b) सात सिन्धुओ का समूह

(c) सात सिन्धुओं का समूह

(d) सात नदियों का समूह

**उत्तर—(c)**

सप्तसिंधु का समास विग्रह है 'सात सिन्धुओं का समूह'। इसमें द्विगु समास है। इस समास का पहला पद संख्याबोधक होता है।

**118. निम्नलिखित प्रश्न में, चार-विकल्प दिए गए है, जिनमें से उस विकल्प का चयन करें जो दिए गए शब्द/वाक्य का सबसे अच्छा 'एक शब्द' विकल्प है।**

**उपकार को मानने वाला**

(a) कृतज्ञ

(b) कृतघ्न

(c) परोपकारी

(d) धर्मज्ञ

**उत्तर—(a)**

'उपकार को मानने वाला' के लिए एक शब्द 'कृतज्ञ' है। 'उपकार को न मानने वाला' के लिए एक शब्द 'कृतघ्न' है। 'धर्म को जानने वाला' के लिए एक शब्द 'धर्मज्ञ', 'दूसरों पर उपकार करने वाला' के लिए एक शब्द 'परोपकारी' है।

**119. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्प दिए गए हैं, जिनमें से एक शब्द दिए गए अनेकार्थी शब्द का एक अर्थ है। उस शब्द को चुनें।**

**कनक**

(a) सोना (b) चाँदी

(c) चावल (d) कंगन

**उत्तर—(a)**

अनेकार्थी शब्द 'कनक' का अर्थ 'सोना' और 'धतूरा' होता है।

**120. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, रेखांकित पद के उचित कारक को पहचानिये।**

**बोतल <u>में</u> दूध बचा है।**

(a) सम्बोधन कारक

(b) अधिकरण कारक

(c) सम्बन्ध कारक

(d) कर्म कारक

**उत्तर—(b)**

'रेखांकित पद' में अधिकरण कारक (में, पै, पर) है। सम्बोधन कारक का चिह्न 'हे, अरे', सम्बन्ध कारक का चिह्न 'का, की, के, रा, री, रे' और कर्म कारक का चिह्न 'को' है।

**121. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, क्रिया का सही रूप वाला विकल्प पहचानिये।**

**स्कूल बस पांच मिनट________। (आना-सामान्य भविष्यत् काल)**

(a) में आ गई (b) में आएगी

(c) में आ के गई (d) में आ के चली गई

**उत्तर—(b)**

'रिक्त स्थान में क्रिया का सही रूप 'में आएगी' का प्रयोग उचित होगा। पूर्ण वाक्य इस प्रकार है—स्कूल बस पांच मिनट में आएगी'।

**122. निम्नलिखित प्रश्न में, वाक्य के संरचना के आधार पर उनके भेद बताइये।**

**रवि दीवार रंगने लगा है।**

(a) कृदंत क्रिया (b) पूर्वकालिक क्रिया

(c) नामधातु (d) संयुक्त क्रिया

**उत्तर—(c)**

'रवि दीवार रंगने लगा है।'—वाक्य में नाम धातु क्रिया है, जो क्रिया धातु को छोड़कर दूसरे शब्दों में प्रत्यय जोड़ने से जो धातु बनाये जाते हैं, उन्हें 'नाम धातु' कहते हैं। प्रायः यह संज्ञा और विशेषण में ना प्रत्यय जोड़कर बनाये जाते हैं। जैसे रंग → रंगना, स्वीकार → स्वीकारना।

**123. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दिए गए शब्द का सही स्त्रीलिंग वाला विकल्प है।**

**हंस**

(a) हंसिनी (b) हंसीनी

(c) हंसी (d) हंसिया

**उत्तर—(a)**

'हंस' पुल्लिंग शब्द है, जिसका स्त्रीलिंग रूप 'हंसिनी' है।

**124. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, दिए गए शब्द का सही पुल्लिंग रूप वाला विकल्प चुनिए।**

**कुम्हार**

(a) कुम्हारी (b) कुम्हारिन

(c) कॉमह्निन (d) कुम्हरईन

**उत्तर—(b)**

'कुम्हार' पुल्लिंग शब्द है, जिसका स्त्रीलिंग 'कुम्हारिन' होगा। व्यवसायबोधक, जातिबोधक तथा उपनामवाचक शब्दों के अंतिम स्वर का लोप कर उनमें कहीं 'इन' और कहीं 'आइन' प्रत्यय लगाकर स्त्रीलिंग बनाया जाता है।

**नोट**—प्रश्न में पुल्लिंग शब्द पूछा गया है, जबकि स्त्रीलिंग शब्द पूछा जाना चाहिए।

**125. नीचे दिए गए शब्द का सही बहुवचन रूप वाला विकल्प पहचानिए।**

(a) चुटियाँ (b) चुटियों

(c) चुटियो (d) चटियाये

**उत्तर—(a)**

'चुटिया' का बहुवचन 'चुटियाँ' है। जिन स्त्रीलिंग संज्ञाओं के अन्त में 'या' आता है, उनमें 'या' के ऊपर चन्द्रबिन्दु लगाने से बहुवचन बनता है।

**126. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प को चुनिए जो सही पूर्णरूपेण वर्ण-विच्छेद वाला है।**

**कृपण**

(a) करी + प + ण

(b) क + ऋ + प + आ + ण

(c) क + ऋ + प + आ + ण + अ

(d) क् + ऋ + प् + अ + ण् + अ

**उत्तर—(d)**

'कृपण' शब्द का सही पूर्णरूपेण वर्ण-विच्छेद है 'क् + ऋ + प् + अ + ण् + अ'।

**127. निम्न चार विकल्पों में से शुद्ध वर्तनी वाला शब्द पहचानिये।**

(a) कृष्ण (b) क्रष्ण

(c) कृषण (d) कृश्ण

**उत्तर—(a)**

'कृष्ण' शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है।

**128. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दिए गए वाक्य में विशेषण शब्द की विशेषता प्रकट करता है।**

**इस पर्वतमाला में बहुत ऊंचे-ऊंचे पहाड़ हैं।**

(a) इस (b) बहुत

(c) ऊँचे-ऊँचे (d) पहाड़

**उत्तर—(b)**

'इस पर्वतमाला में बहुत ऊँचे-ऊँचे पहाड़ हैं।' इस वाक्य में बहुत शब्द विशेषण 'ऊँचे-ऊँचे' की विशेषता प्रकट करता है। विशेषण शब्दों की विशेषता बताने वाले शब्दों को 'प्रविशेषण' कहा जाता है।

**129. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से उस विकल्प का चयन करें, जो**

**दिए गए वाक्य का सही विकल्प है।**

**सर्वनाम का शाब्दिक अर्थ क्या होता है?**

(a) सबका नाम

(b) दूसरों का नाम

(c) अपना नाम

(d) संबंध का नाम

**उत्तर—(a)**

'सर्वनाम' का शाब्दिक अर्थ 'सब का नाम' होता है। किसी भी संज्ञा के स्थान पर प्रयुक्त होने वाले विकारी शब्दों को सर्वनाम कहते हैं।

**130. इनमें से कौन-सी गजानन माधव मुक्तिबोध जी द्वारा रचित रचना नहीं है?**

(a) अँधा युग

(b) चाँद का मुँह टेढ़ा

(c) भूरी-भूरी खाक धूल

(d) नए साहित्यकार का सौन्दर्य शास्त्र

**उत्तर—(a)**

गजानन माधव मुक्तिबोध जी के कविता संग्रह हैं— चाँद का मुँह टेढ़ा है, भूरी-भूरी खाक धूल। 'नए साहित्य का सौन्दर्य शास्त्र' उनका आलोचना ग्रन्थ है। 'अँधा युग' धर्मवीर भारती द्वारा लिखित गीति-नाट्य है।

**131. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस सही विकल्प का चयन करें जो बताता है कि पृथ्वीराज रासो किस लेखक की रचना है?**

(a) चंदवरदाई (b) कल्हण

(c) वाल्मीकि (d) हर्षवर्धन

**उत्तर—(a)**

'पृथ्वीराज रासो' के रचयिता 'चन्दवरदाई' हैं। कल्हण और वाल्मीकि की रचनाएं क्रमशः 'राजतरंगिणी' तथा 'रामायण' हैं।

**132. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस सही विकल्प का चयन करें जो बताता है कि सत्यार्थ प्रकाश उपन्यास के लेखक का नाम क्या है?**

(a) दयानन्द सरस्वती (b) अरबिंदो घोष

(c) भवभूति (d) हर्षवर्धन

**उत्तर—(a)**

'सत्यार्थ प्रकाश' के लेखक स्वामी दयानन्द सरस्वती हैं।

**नोट-** यह प्रश्नोत्तर शैली में लिखी गई पुस्तक है, न कि उपन्यास।

**133. हिन्दी साहित्य अकादमी की ओर से हर वर्ष श्लाका सम्मान पुरस्कार किस क्षेत्र को दिया जाता है?**

(a) भाषा संस्कृति

(b) खेलकूद

(c) तकनीकी

(d) हिन्दी को नई दिशा प्रदान करने के लिए

**उत्तर—(d)**

हिन्दी साहित्य अकादमी की ओर से श्लाका सम्मान पुरस्कार प्रतिवर्ष हिन्दी को नई दिशा प्रदान करने के लिए दिया जाता है। वर्ष 2017-18 का श्लाका सम्मान पुरस्कार प्रसिद्ध गीतकार एवं पटकथा लेखक जावेद अख्तर को दिया गया।

**नीचे दिए गए गद्यांश के बाद (प्रश्न 134 से प्रश्न 138) प्रश्न दिए गए हैं। इस गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ें और चार विकल्पों में से प्रत्येक प्रश्न का सर्वोत्तम उत्तर चुनें।**

अवध की संस्कृति में सुसज्जित घोड़ा परिवहन का साधन और शान का प्रतीक था। मुख्य रूप से तीन प्रकार के ताँगे और इक्के मिलते हैं-बग्गी, फिटन और टमटम। बग्गी बंद डिब्बा की होती है, तो फिटन और टमटम खुले वाहन हैं, जिन्हें नवाबों द्वारा यात्रा में वरीयता दी जाती थी। किन्तु ताँगे व इक्के का शाब्दिक अर्थ अधिक अश्व शक्ति की ओर इंगित करता है। इक्के में एक घोड़ा होता है, जबकि बग्गी या ताँगे में दो, चार या अधिक घोड़े होते हैं। यह वास्तव में इस्तेमाल करने वाले की सामाजिक प्रतिष्ठा पर निर्भर करता है। 18वीं सदी के उत्तरार्द्ध और 19वीं सदी के प्रारंभ में अवध के सामाजिक-सांस्कृतिक और आर्थिक माहौल में बदलाव आया। जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में हल्के वाहनों का निर्माण और इस्तेमाल होने लगा, जिसमें कम-से-कम अश्व शक्ति लगे। सामान्य बोलचाल में इक्के का अर्थ है इक या एक यानि एक व्यक्ति के इस्तेमाल के लिए। इसके अतिरिक्त ताँगा एक

परिवार वाहन था। किन्तु, किफायत की मजबूरी को देखते हुए इक्के में अधिक संख्या में यात्री बैठाने पड़े। ताँगा अपेक्षाकृत भारी और बड़ा वाहन है, जिसमें पैरों के लिए अधिक जगह होती है और चार से छह वयस्क पीछे कमर लगाकर बैठ सकते हैं। हर साल इन ताँगों और इक्कों की दौड़ लखनऊ में होती है। जँगी घोड़े इस दौरान सबके लिए आर्कषण का केन्द्र-बिन्दु होते हैं। घोड़े के खूरों का भी श्रृंगार किया जाता है। पुरानी नाल के स्थान पर नई नाल लगाई जाती हैं। पैरों की सुन्दरता बढ़ाने के लिए कशीदाकारी युक्त वस्त्र पैरों में डाले  जाते हैं और पीतल या चांदी के घुंघरू बाँधे जाते हैं।

**134. सामाजिक-आर्थिक बदलावों ने किस तरह वाहनों को प्रभावित किया?**

(a) बड़े वाहनों का प्रयोग होने लगा

(b) ताँगे का प्रयोग होने लगा

(c) हल्के वाहनों का प्रयोग होने लगा

(d) भारी वाहनों का प्रयोग होने लगा

**उत्तर—(c)**

सामाजिक-आर्थिक बदलावों से हल्के वाहनों का प्रयोग होने लगा।

**135. घोड़ों के पैरों को किस रूप में सजाया जाता है?**

(a) काशीदाकारी युक्त वस्त्र

(b) कलमकारी युक्त वस्त्र

(c) बुनाई वाले वस्त्र

(d) चमकीले वस्त्र

**उत्तर—(a)**

घोड़ों के पैरों को काशीदाकारी युक्त वस्त्र से सजाया जाता था।

**136. ताँगा किस रूप में इक्के से अलग वाहन है?**

(a) भारी और बड़ा वाहन (b) भारी और हल्का वाहन

(c) छोटा और हल्का (d) छोटा और भारी वाहन

**उत्तर—(a)**

ताँगा, इक्के की तुलना में भारी और बड़ा वाहन है।

**137. परिवहन के साधन का इस्तेमाल  किसके अनुरूप किया जाता है?**

(a) सामाजिक प्रतिष्ठा

(b) पारिवारिक रहन-सहन

(c) आर्थिक स्थिति

(d) मूलभूत आवश्यकता

**उत्तर—(a)**

परिवहन के साधन का इस्तेमाल सामाजिक प्रतिष्ठा के अनुरूप किया जाता है।

**138. ताँगे और इक्के के कितने प्रकार हैं?**

(a) चार (b) दो

(c) तीन (d) पाँच

**उत्तर—(c)**

ताँगे और इक्के के तीन प्रकार हैं— बग्गी, फिटन और टमटम।

**139. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस सही विकल्प का चयन करें जो दिए गए पद्य के उचित अलंकार रूप का सबसे अच्छा विकल्प है।**

**रघुपति राघव राजा राम**

(a) अनुप्रास अलंकार

(b) यमक अलंकार

(c) रूपक अलंकार

(d) उपमा अलंकार

**उत्तर—(a)**

'रघुपति राघव राजा राम' - इस पंक्ति में अनुप्रास अलंकार है। जहाँ कोई वर्ण एक से अधिक बार आता है, वहाँ अनुप्रास अलंकार होता है। उपर्युक्त पंक्ति में 'र' वर्ण चार (4) बार आया है, अतः यहाँ अनुप्रास अलंकार है।

**140. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस सही विकल्प का चयन करें जो रेखांकित शब्दों के सही अव्यय के भेद हो—**

**सीता <u>के आगे</u> रमा खड़ी है।**

(a) क्रिया विशेषण अव्यय (b) सम्बन्ध बोधक अव्यय

(c) समुच्चय बोधक अव्यय (d) विस्मयादिबोधक अव्यय

**उत्तर—(b)**

प्रश्नगत वाक्य में रेखांकित शब्द 'आगे' सम्बन्धबोधक अव्यय है। जो अव्यय किसी संज्ञा के बाद आकर उस संज्ञा का सम्बन्ध वाक्य के दूसरे शब्द से दिखाता है, उसे सम्बन्धबोधक कहते हैं। उपर्युक्त वाक्य में प्रयुक्त 'आगे' शब्द सम्बन्धबोधक अव्यय के उपभेद स्थानवाचक का उदाहरण है।

**141. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस सही विकल्प का चयन करें जो अशुद्ध वाक्य के शुद्ध रूप का सबसे अच्छा विकल्प है।**

**घूमना सुबह अच्छा है।**

(a) घूमना अच्छा है सुबह

(b) घूमना सुबह है अच्छा

(c) सुबह अच्छा है घूमना

(d) सुबह घूमना अच्छा है।

**उत्तर—(d)**

अशुद्ध वाक्य 'घूमना सुबह अच्छा है।' का शुद्ध रूप है 'सुबह घूमना अच्छा है।'

**142. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस सही विकल्प का चयन करें जो बताता है कि नीचे दिए गए छन्द के प्रत्येक चरण में कितनी मात्राएं हैं—**

**करते अभिषेक पयोद हैं, बलिहारी इस वेश की।**
**हे मातृभूमि! तू सत्य ही, सगुण-मूर्ति सर्वेश की।**

(a) 15 से 13 के क्रम से 28
(b) पहले और तीसरे में 12
(c) प्रत्येक चरण में 24
(d) प्रत्येक चरण में 36

**उत्तर—(a)**

प्रस्तुत छन्द की प्रथम एवं तृतीय पंक्ति (विषम चरण) में 15-15 मात्राएं और द्वितीय एवं चतुर्थ पंक्ति (सम चरण) में 13-13 मात्राएं हैं। इस प्रकार इस छन्द में 15 से 13 के क्रम में 28 मात्राएं हैं।

**143. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दिए गए मुहावरे का सही अर्थ वाला विकल्प है।**

**अंक भरना**

(a) रो पड़ना (b) गले लगाना
(c) बदल जाना (d) मूर्ख बनाना

**उत्तर—(b)**

'अंक भरना' मुहावरे का सही अर्थ 'स्नेह से लिपटा लेना' होता है। प्रश्नगत विकल्पों में निकटतम सही उत्तर विकल्प (b) है।

**144. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो उपसर्ग से बना शब्द नहीं है।**

(a) पुनर्जन्म (b) कुधर्म
(c) आजीवन (d) दिखावा

**उत्तर—(d)**

'दिखावा' उपसर्ग से बना शब्द नहीं है। 'पुनर्जन्म' में 'पुनर' उपसर्ग, 'कुधर्म' में 'कु' उपसर्ग और 'आजीवन' में 'आ' उपसर्ग लगा है।

**145. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो प्रत्यय से बना है।**

(a) इंसान (b) मदद
(c) जादूगर (d) समझ

**उत्तर—(c)**

'जादूगर' शब्द में प्रत्यय 'गर' लगा हुआ है। इस प्रत्यय से निर्मित अन्य शब्द हैं— बाजीगर, सौदागर, कारीगर आदि।

**146. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, दिए गए शब्द के विपरीत अर्थ वाला विकल्प चुनिए।**

**स्वार्थ**

(a) परमार्थ (b) निस्वार्थ
(c) विषाद (d) वरिष्ठ

**उत्तर—(a)**

'स्वार्थ' का विलोम शब्द 'परमार्थ' है। 'हर्ष' का विलोम 'विषाद' और 'कनिष्ठ का विलोम 'वरिष्ठ' है।

**147. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्प में से, उस विकल्प का चयन करें जो सही सन्धि-विच्छेद वाला विकल्प है।**

**अत्यधिक**

(a) अ + त्याधिक (b) अति + अधिक
(c) अत्य + अधिक (d) अत + अधिक

**उत्तर—(b)**

'अत्यधिक' का सही सन्धि-विच्छेद 'अति + अधिक' है। इसमें यण् स्वर सन्धि है। इस सन्धि के नियमानुसार यदि इ, ई, उ, ऊ एवं ऋ के बाद कोई भिन्न स्वर आये, तो इ-ई का 'य्', 'उ, ऊ' का 'व्' और 'ऋ' का 'र्' हो जाता है।

**148. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्प दिए गए हैं, जिनमें से उस विकल्प का चयन करें जो दिए गए पद का सबसे उचित सामासिक युग्मपद है।**

**आचार**

(a) खाने की वस्तु (b) विचार
(c) चाल-चलन (d) अनादर

**उत्तर—(c)**

'आचार' पद का सबसे उचित सामासिक युग्मपद चाल-चलन है। आचार शब्द किसी का आचरण या व्यवहार प्रदर्शित करता है, इस शब्द के स्थान पर चाल-चलन सामासिक युग्म पद का प्रयोग किया जाता है।

**149. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दिए गए शब्द का सही समान अर्थ वाला शब्द है।**

**दुविधा**

(a) धर्मसंकट (b) यथातथ्य
(c) विस्तृत (d) होनहार

**उत्तर—(a)**

'दुविधा' शब्द का समान अर्थ वाला शब्द 'धर्मसंकट' है।

**150. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दिए गए शब्द का सही समान अर्थ वाला शब्द है।**

**पत्थर**

(a) पाषाण (b) गिरि
(c) नभचर (d) निर्भय

**उत्तर—(a)**

'पत्थर' शब्द का सही समान अर्थ वाला शब्द 'पाषाण' है।

**Daily Current Affairs PDF, Best Test Series, Best GK PDF के लिए हमें Follow करें**

हमें FOLLOW करें

- Telegram
- Whatsapp
- Instagram
- Apps
- Youtube

GK Trick By Nitin Gupta
The Ultimate Key to Success.

Welcome To

# GK TRICK BY NITIN GUPTA APP

## यहाँ पर आपको मिलेगा

- Best PDF Notes For All Exams
- Best Test Series For All Exams
- Daily Current Affairs PDF
- सभी Course बहुत ही कम Price पर
- सभी Test Detail Discription के साथ व Analysis करने को सुविधा

